सुविचार

हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"


हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 अंक: 13 पेज: 8 मूल्य 01 रु.

जयपुर, गुरुवार 10 अगस्त, 2023

Email: garibonkasitara@gmail.com

| पूर्वानुमान> | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## प्रतिद्वंदियों में मची खलबली...

# 'विधायक हुडला' के आवास पर रोजाना उमड़ रही बड़ी भीड़...

## महुआ में रात 11 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का होता रहता है आयोजन

### सैकड़ों लोग डटे रहते हैं मौके पर

सितारा न्यूज नेटवर्क






**महुआ।** प्रदेश के दोसा जिले में महुआ विधानसभा क्षेत्र में विगत एक दशक से अपने नाम का डंका बज रहे निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुडला के आवास पर देर रात करीब 11:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा जनसुनवाई कार्यक्रम दोसा और आसपास के जिलों में चर्चा का विषय बना हुआ है, हुडला के मंडावर रोड पर स्थित आवास पर देर रात करीब 11:00 बजे तक सैकड़ों की तादाद में लोग एकत्रित रहते हैं, मौके पर ओम प्रकाश हुडला और उनके स्टाफ के लोग दूर-दराज के गांव और ढाणियों से अपनी तकलीफ लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए दिल और दिमाग से जुटे हुए नजर आते हैं, अगर किसी पीड़ित की समस्या किसी सरकारी डिपार्टमेंट से जुड़ी होती है तो हुडला खुद संबंधित डिपार्टमेंट के बड़े आला अफसर को फोन कर हाथों हाथ उस समस्या का निवारण करवाने का पूरा प्रयास करते हैं अगर संबंधित अधिकारी आनाकानी करें तो फिर भी मंत्री और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी बात करने में पीछे नहीं रहते कहने का तात्पर्य हर हाल में प्रत्येक पीड़ित की समस्या के निवारण के लिए विधायक हुडला और उनके निजी स्टाफ के कर्मचारी पूरी तरह से समर्पित देखते हैं यही वजह है कि हुडला के आवास पर विगत कई महीनो से रोजाना आधी रात तक लोगों की भीड़ मौजूद रहती है, ओमप्रकाश हुडला के आवास पर बड़ी भीड़ देखकर राजनीति में उनके विरोधियों के चेहरों पर चिंता और घबराहट की लकीरें अच्छा गई है क्योंकि भीड़ देखकर हर कोई अब यही अनुमान लगा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी हुडला की जीत सुनिश्चित है चाहे वह निर्दलीय चुनाव लड़े या फिर किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार के तौर पर क्योंकि चुनावों से पहले ही महुआ के हर जाति और बिरादरी के लोगों में उन्होंने अपनी गजब की पकड़ बना ली है, महुआ की राजनीति के बारे में अच्छी समझ रखने वाले लोग भी मानते हैं कि हुडला ने विगत एक दशक में महुआ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करवाया और हर जाति और बिरादरी के लोगों के सुख-दुख में हर पल उनके साथ और बीच में रहे उसी का परिणाम है कि वे आज महुआ की राजनीति के नंबर वन लोकप्रिय और स्थापित राजनेता बन चुके हैं इसलिए आगामी चुनाव में भी अगर वे फिर से निर्दलीय भी चुनाव लड़े तो उनकी जीत सुनिश्चित है क्योंकि उनकी ओर से महुआ में एक से बढ़कर एक हर विभाग और क्षेत्र में करवाए गए ताबड़तोड़ विकास कामों ने महुआ को नए कल्चर और नए कलेवर में तब्दील कर दिया है, हुडला ने महुआ की युवा ब्रिगेड को भलाई के रास्ते और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने की ओर जबरदस्त तरीके से प्रेरित किया है जिसकी वजह से महुआ में अपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तरीके से गिरावट आई है और महुआ के युवा अपने अच्छे स्वर्णिम कैरियर की ओर भरने भी लगे हैं इसलिए महुआ के युवाओं के दिलों में भी हुडला ने अपना अलग मुकाम बना लिया है, यही वजह है कि सुबह से लेकर देर रात तक हुडला अपने निर्वाचन क्षेत्र के सैकड़ो लोगों के बीच ही नजर आते हैं, भले ही उनकी नींद पूरी ना हो, भले ही उन्हें रेस्ट ना मिले लेकिन उनके चेहरे पर कभी भी थकावट के भाव नजर नहीं आते और ना ही वे अपने यहां आने वाले किसी भी व्यक्ति को वापस उदास घर भेजते हैं, अगर सरकारी स्तर पर कोई मदद हाथों-हाथ ना मिले तो वे अपने स्तर पर भी हर संभव दीन दुखियों की मदद करने के लिए आगे नजर आते हैं यही वजह है कि लोग भरपूर प्यार और सम्मान देते हैं, हुडला के अच्छे और मधुर व्यवहार ने उन्हें "विकास पुरुष" के साथ-साथ "जननायक" राजनेता के रूप में भी मशहूर कर दिया है जिसकी वजह से उनके राजनीति के विरोधी लोग अपने खुद के पोलिटिकल कैरियर को लेकर अब चिंतित भी दिखने लगे हैं।

### हुडला के पर्सनल सेक्रेटरी 'ललित शर्मा' के भी खूब हो रहे चर्चे

अगर किसी मंत्री, विधायक और संसद का पर्सनल सेक्रेटरी सर्वगुण संपन्न हो तो उस मंत्री, विधायक और सांसद के काम का आधा बोझ तो वैसे ही दूर हो जाता है क्योंकि अगर किसी का कोई पर्सनल सेक्रेट्री अच्छी सोच, अच्छा व्यवहार, अच्छा चाल चलन, मृदु भाषी, मिलनसार, निष्ठावान कर्मठ, ईमानदार और मेहनती हो तो उसके मालिक और नियोक्ता का काम काफी आसान हो जाता है, जैसे कि हुडला के पर्सनल सेक्रेटरी ललित शर्मा के बारे में महुआ के लोगों का कहना है कि अगर किसी कारणवश ओमप्रकाश हुडला उन्हें उपलब्ध नहीं होते हैं तो उनके कार्यालय में मौजूद ललित शर्मा हर आने वाले पीड़ित व्यक्ति की समस्या को सुनते हैं, उसका पूरा मन और सम्मान करते हैं, शर्मा का मधुर व्यवहार और उनके बोलने का अंदाज कार्यालय में आने वाले लोगों को काफी भा रहा है, शर्मा के बारे में कहा जाता है कि वह हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से लेते हैं और अगर किसी शिकायत का समाधान उनके हाथों में होता है तो वह हाथों हाथ विधायक गुडला के नाम का हवाला देकर पीड़ित की शिकायत का समाधान करने के बारे में संबंधित अधिकारी को कहते हैं और अगर किसी शिकायत का समाधान करने का विषय उनकी पकड़ से बाहर हो तो वे उसे शिकायत को हुडला तक पहुंचते हैं जिसकी वजह से हुडला का काफी कम ललित शर्मा ने अपने कंधों पर लिया हुआ है यही वजह है कि विधायक ओमप्रकाश हुडला भी आंख मूंदकर ललित शर्मा पर विश्वास करते हैं।




### पंचाग

**दिनांक:-10 अगस्त 2023 गुरुवार**

**विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 29:05:43 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | रोहिणी | 27:59:49 |
| योग | ध्रुव | 15:08:31 |
| करण | वणिज | 16:33:59 |
| करण | विष्टि भद्र | 29:05:43 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | |
| सूर्य राशि | कर्क | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:56:50 |
| सूर्यास्त | 19:07:20 | |
| चंद्रोदय | 25:09:52 | |
| चंद्रास्त | 14:42:14 | |
| राहू काल | 14:11 - 15:50 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:58 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 05:57 - 07:36 | शुभ |
| चर | 10:53 - 12:32 | शुभ |
| लाभ | 12:32 - 14:11 | शुभ |
| अमृत | 14:11 - 15:50 | शुभ |
| शुभ | 17:29 - 19:07 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना ने आदिवासी दिवस समारोह की शिरकत

*आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर और जामडोली, परबैणी व अलवर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शिरकत की*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के युवा नेता बन्नाराम मीना ने बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस समारोह के दौरान आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर मे तथा रैणी क्षेत्र के जामडोली मे प्रतिभा सम्मान व आदिवासी दिवस समारोह मे एवं परबैणी यज्ञशाला पर आदिवासी भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आदिवासी दिवस समारोह मे शामिल हुए और इसके बाद अलवर मे कप्तान छुट्टन लाल मीना चौक (भूगोर बाई पास) पर आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर सभी कार्यक्रमो मे बन्नाराम मीना अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन का जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। बन्नाराम मीना आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी से टिकट लेने की तैयारी मे लगा हुआ है तथा गत विधानसभा चुनाव 2018 मे बन्नाराम बसपा से चुनाव लडे थे तथा 30 हजार के लगभग वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा था। मिडिया को यह सारी जानकारी रामकेश ब्याडवाल के द्वारा दी गई है।

## राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ के विभिन्न गांवों में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शामिल हुए नरेंद्र मीणा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ सहित विभिन्न गांवों में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नरेंद्र मीणा ने शिरकत की व इस दौरान मीणा ने अपने आदिवासी समाज के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी जानकारी दी साथ ही सभी से प्रेम एवं भाईचारे के साथ रहने का आग्रह किया एवं मीणा ने सबसे पहले समाज के महापुरुषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया और आयोजन कमेटियों व ग्राम वासियों के द्वारा नरेंद्र मीणा का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस अवसर पर लोक कलाकार एवं विभिन्न स्थानों से आए गीतकारों ने आदिवासी सभ्यता से जुड़े गीत लोगों को सुनाएं। इस अवसर पर अतिथि नरेंद्र मीणा ने कहा कि अपने आदिवासी को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रही है जिनके चलते उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। इस दौरान आयोजन कमेटी विधानसभा क्षेत्र के लोग हजारों की तादाद में मौजूद रहे। मिडिया को यह जानकारी नरेंद्र मीना के द्वारा दी गई है।

**विधानसभा चुनाव 2023 का मास्टर स्ट्रोक**

## ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत करना पिछड़े वर्ग के लोगों की भावनाओं का सम्मान : हरसहाय यादव

*प्रदेश के पिछड़े समुदाय में खुशी की लहर : हरसहाय यादव*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** विश्व आदिवासी दिवस पर मानगढ़ में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्रदेश में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को 21 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की घोषणा करके विधानसभा चुनाव का मास्टरस्ट्रोक चल दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन हरसहाय यादव ने कहा कि, "कांग्रेस हमेशा से पिछड़े वर्ग की भावनाओं का सम्मान करती आई है। माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी द्वारा ओबीसी वर्ग का आरक्षण 27% करने की घोषणा प्रदेश के पिछड़े वर्ग की भावनाओं का सम्मान है।"

मानगढ़ में राहुल गांधी की सभा में सम्मिलित होकर लौटे हरसहाय यादव ने कहा कि, "कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी भट्टा पारसौल से लेकर किसान आंदोलन तक हमेशा पिछड़े वर्ग के साथ खड़े रहे हैं और 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा बुलंद करते हुए लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठा रहे हैं। राहुल जी के विचारों के अनुरूप आज प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी द्वारा की गई ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा करने पर मैं उनका तहेदिल से आभार प्रकट करता हूँ। हरसहाय यादव ने बताया कि 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा से प्रदेश के पिछड़े समुदाय में खुशी की लहर छा गई है और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश का पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।"

## भाजपा के मेरी माटी - मेरा देश अभियान का हुआ आगाज




सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। आजादी के अमृत महोत्सव पर माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर मेरी माटी - मेरा अभियान कार्यक्रम के तहत 14 अगस्त सोमवार को विशाल तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके प्रथम निमंत्रण हेतु बुधवार को भारत छोड़ो आंदोलन के दिवस पर प्रसन्न गणपति मंदिर सूरजपोल गेट बाहर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर गणेश भगवान को न्योता दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं एवं विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक एवं सेवा कार्य करने वाले सभी संगठनों को निमंत्रण पत्र देकर तिरंगा रैली मे पधारने का अनुरोध किया गया इस अवसर पर जिला महामंत्री पवन जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल, मण्डल महामंत्री सन्तोष जागृत, सत्येंद्र यादव, मुकेश घावरी, प्रमोद शर्मा, विक्रान्तसिंह रावत, उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, राकेश नरूका, विजय दगदी, शिवप्रकाश सामरिया, मूलसिंह राजपुरोहित, राजेश्वरी यादव, तारा सोनी, पार्षद मुन्नीदेवी गहलोत, रमेश दगदी, कांता रावत, रामेश्वर गहलोत, महेंद्र पाल यादव, बछराज छिपा, कुंजबिहारी तोलम्बिया, रेखा शर्मा, लीला रावत, प्रदीप रावत, अभय सिह शेखावत, रणजीत सांखला, अशोक भाटी, महेश चितलागीया, प्रेमचन्द टांक, दशरथ सामरिया, गोलु पहलवान, राज जागिंड, हिमांशु शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री यादव ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** संतोष देवी चेरिटेबल ट्रस्ट जखराना सचिव व बीजेपी राजस्थान महिला मोर्चा प्रदेश सह संयोजक प्रशिक्षण डॉ शानू यादव ने क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी में शीतल पेय जल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन किया।यादव ने बताया की ट्रस्ट के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से लगातार क्षेत्र में जनसेवा के कार्य कर रहे हैं। उसी कड़ी में बुधवार को राहगीरों एवं ग्राम वासियों के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई है। ग्रामवासियों को आश्वस्त किया की जनसेवा के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।


## प्रतिभावान सम्मान समारोह की तैयारी पर चर्चा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर,(बिन्टू कुमार)।** कस्बे में आदिवासी मीणा सेवा समिति वालक्षेत्र द्वारा आस्था कोचिंग सैन्टर में पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को पूर्व तहसीलदार मातादीन मीना की अध्यक्षता में समाज के लोगो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिभा सम्मान समारोह 13 अगस्त को मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह की रुपरेखा तैयार कर कार्यकताओं को व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुमेर सिंह मीणा ने बताया कि बोर्ड कक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी व सरकारी सेवा में चयनित होने वाले समाज के होनहार प्रतिभाओं को मेडल देकर सम्मानित किया जायेंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा होंगे। इस अवसर सीताराम, रामजीलाल, बुद्धाराम जोधपुरा, पूर्व सरपंच गेंदा राम, सतीश कोलाहेडा, अशोक ज्ञानपुरा, राजेन्द्र चतरपुरा, गिर्राज, बुद्धाराम बामनवास, प्रभुदयाल बीसा का बास, ख्याली राम हिंसला, हरि प्रसाद कराणा, मंगलेश कुण्डली, फुलचन्द द्वारापुर आदि समाज के लोग मौजूद थे।

## धर्मार्थ सहायता समिति द्वारा विशिनिगिर बाबा के धाम पर भंडारे का हुआ आयोजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी द्वारा बुधवार को श्री विशिनिगिर बाबा के धाम पर प्रतिवर्ष की भांति श्रावण मास की कृष्ण नवमी को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बाबा की पूजा अर्चना कर तिलक माला रोली पिछोरा से श्रृंगार किया गया, फिर संतजनों को भोजन प्रसादी परोसी गई। इसके बाद सैकड़ों भक्तों ने बाबा के दर्शन कर प्रसादी का आनंद लिया समिति के अध्यक्ष महावीर गोयल खरगपुर वालों ने बताया कि समिति शुरू से अपने नाम के अनुरूप जनसेवा हेतु धर्म के कार्य करती रही है। समिति द्वारा वस्त्र वितरण, वृक्षारोपण, भोजन प्रकल्प, मेडिकल कैंप, आई कैंप, स्वच्छता अभियान, आगजनी सहयोग आदि कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर संरक्षक सुभाष चंद बंसल, योगेश गोयल, सुरेश बिंदल, मुकेश गर्ग, श्रीभगवान मंगल, दिलीप मंगल, पवन गर्ग, दुर्गा गर्ग, सत्यदेव गर्ग, मनोज शिवहरे, बृज किशोर गर्ग, राजकुमार गर्ग, राजकुमार मोदी, राजकुमार वैशंदर, हरदेव सरजी, प्रशांत, हर्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ ।।
निष्पक्ष कलम – निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

## राहुल गांधी की मानगढ़ सभा...

# मैं आपका सिपाही हूं, मैं दिल्ली में रहता हूँ, जब चाहो मुझे राजस्थान बुला लो : राहुल गांधी



### अशोक गहलोत सरकार के कार्य योजनाओं की हुई सराहना



**सीएम गहलोत ने की मानगढ़ धाम को सौ करोड़ से राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा**

**कहा : इंदिरा गांधी कहती थीं देश की सारी जमीन आदिवासियों की है, लेकिन बीजेपी उन्हें 'वनवासी' कहने लगी**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/मानगढ़।** बांसवाड़ा स्थित आदिवासियों के सबसे बड़े आस्था के धाम मानगढ़ में राहुल गांधी की सभा हुई। इस सभा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। राहुल गांधी ने दनता को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार की योजनाओं की भरपूर तारीफ की। वहीं मणिपुर हिंसा को लेकर बीजेपी को आड़े हाथ लिया। इसके अलावा, 'आदिवासी' और 'वनवासी' शब्द को लेकर बीजेपी को घेरा।

### राहुल गांधी ने की गहलोत सरकार की तारीफ

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने क्या-क्या किया। चिरंजीवी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम देश का सबसे बेहतर हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम है, स्कूटी योजना, कोचिंग क्लास योजन सहित अन्य है। आगे कहा की दिल्ली रहता हूं, जब चाहे राजस्थान बुला लो, अजाउंगा। दिल से मदद करेंगे। चाहते हैं आपका सपना है पूरा हो।

### 'दादी इंदिरा गांधी ने बताया था आदिवासी क्या है?'

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि एक बार उन्होंने अपनी दादी इंदिरा गांधी से पूछा कि दादी यह 'आदिवासी' शब्द का क्या मतलब है? राहुल गांधी ने कहा, 'जैसे आप जानते हो, वह आदिवासियों से बहुत प्यार करती थीं, मोहब्बत करती थीं। आपसे बहुत गहरा रिश्ता था उनका। इंदिरा गांधी जी ने कहा यह हिंदुस्तान के पहले निवासी हैं। जो हमारी जमीन है जिसको आज हम भारत कहते हैं, यह जमीन इन



आदिवासियों की जमीन थी। फिर उन्होंने कहा जो आज का मॉडर्न समाज है, उसको आदिवासियों से जिंदगी जीना समझना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने 'वनवासी' शब्द दिया, जिसका मतलब वो लोग जो जंगल में रहते हैं। हम आपको आदिवासी कहते हैं। यह पूरा का पूरा देश आपका है। बीजेपी चाहती है कि आप इस देश के ओरिजिनल मालिक नहीं हों, आप तो जंगल में रहते हों। यह आपका अपमान है। यह भारत माता का अपमान है। बीजेपी, आरएसएस चाहती है कि आप जंगल में रहें, जंगल के बाहर न निकलें। आपके बच्चे इंजीनियर ना बनें, डॉक्टर ना बनें, लॉयर ना बनें, बिजनेस ना चलाएं।

**ओबीसी वर्ग को 6 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण देने का ऐलान**

### सचिन पायलट बोले- भाजपा का मेन इंजन ही फेल करना होगा

सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि आज पार्लियामेंट के अंदर भाषण देकर आए हैं। हर मोर्चे पर भारत सरकार फेल रही है। हमने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार फेल की है, अब समय आ गया है कि भाजपा का दिल्ली वाला मेन इंजन ही फेल कर दिया जाए।

### 'मोदी चाहें तो दो दिन में मणिपुर में शांति कर दें'

राहुल गांधी ने आगे कहा कि आज संसद में अपने भाषण में मैंने कहा हिंदुस्तान एक आवाज, हर नागरिक की आवाज है, आदिवासियों की आवाज है, पिछड़ों की आवाज है दलितों की आवाज है। बीजेपी की सोच ने मणिपुर में आग लगा दी। तीन चार महीने से मणिपुर में आग जल रही है। लोग मारे जा रहे हैं, बच्चे मारे जा रहे हैं। महिलाओं का बलात्कार हो रहा है। मैंने कहा कि मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई है। बीजेपी की विचारधारा ने मणिपुर में भारत माता की हत्या की। देखिए तीन चार महीने से आग लगी है। अगर प्रधानमंत्री सेना से कहें तो 2 दिन में शांति हो जाए। प्रधानमंत्री आग को जलाना चाहते हैं। वह जहां जाते हैं नफरत फैलाते हैं।



### दोनों दलों के लिए मानगढ़ मुद्दा

प्रधानमंत्री की सभा से पहले मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की बात चली थी, लेकिन ऐसी घोषणा नहीं हुई थी। तब प्रधानमंत्री ने सभा में कहा कि इससे सटे राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र चारों राज्यों की सरकार इसके विकास को लेकर काम करें। इसके बाद गहलोत ने कहा कि भारत सरकार ऐसा नहीं कर रही है तो राजस्थान सरकार इसके विकास को लेकर काम करेगी।




**विधायक आवास परियोजना का 12 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण**

# 'माननीयों' की लाइफ स्टाइल में 'आवासन मंडल' ने लगाए चार चांद

**आलीशान और खूबसूरत अत्याधुनिक डिजाइन में बने लग्जरी फ्लैट्स को देखकर विधायक हैं काफी रोमांचित**

**माननीयों के स्वागत सत्कार के लिए आवासन मंडल ने बिछाए पलक-पावड़े**

**12 अगस्त को आयोजित होने वाले लोकार्पण समारोह के लिए राजस्थान आवासन मंडल की शानदार तैयारी**




### मंत्रीगण, विधायक व अधिकारीगण भी रहेंगे उपस्थित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पिछले 5 साल में अपने ऐतिहासिक कामों के लिए दुनिया भर में मशहूर हुआ राजस्थान आवासन मंडल अब राजस्थान विधानसभा के सदस्यों की लाइफस्टाइल को नई दिशा देने जा रहा है, अब से पहले जो कई विधायक जर्जर और पुराने एमएलए क्वार्टर्स में मन मसोस रह रहे थे, उनकी लाइफस्टाइल, जीने और रहने के अंदाज में आवासन मंडल ने चार चांद लगा दिए हैं। जी हां, अब विधायक बहुत जल्दी ही आवासन मंडल की ओर से तैयार किए गए लग्जरी फ्लैट्स में शिफ्ट होने वाले हैं।

आवासन मंडल की यह सौगात उन विधायकों को बहुत ज्यादा रोमांचित किए हुए हैं जो अब से पहले जर्जर और पुराने एमएलए क्वार्टर्स में रहने से अपनी पत्नी और बच्चों को अपने साथ नहीं रख पा रहे थे लेकिन अब राजस्थान विधानसभा के सामने 6 मंजिली इमारत में 160 लग्जरी फ्लैट्स विधायकों को अपने यहां रहने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इसके लिए राजस्थान आवश्यक मंडल की ओर से आगामी 12 अगस्त को शाम 6:00 बजे विधायक आवास परियोजना का भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस भव्य इमारत का लोकार्पण कर विधायकों के लिए नए फ्लैट्स उपलब्ध करवाने का रास्ता साफ करेंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, यूडीएच मिनिस्टर शांति धारीवाल, प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के सभी विधायक, सांसद और पूर्व विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और खूबसूरत बनाने के लिए मंडल कमिश्नर पवन अरोड़ा अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। समारोह स्थल को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मेहमानों और विधायकों के स्वागत सत्कार में मंडल प्रशासन ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। जिस खूबसूरत अंदाज में और डिजाइन में विधायकों के लिए फ्लैट्स तैयार किए गए हैं उस खूबसूरत अंदाज में आवासन मंडल इस समारोह को यादगार बनाने के प्रयास में पूरे दिल और दिमाग से जुटा हुआ नजर आ रहा है।

**सितारा न्यूज नेटवर्क**
**खास खबर**
**गरीबों का सितारा**

### विधायक आवास परियोजना में मजबूत सुरक्षा के घेरे में रहेंगे विधायक और उनके परिजन

जयपुर पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो जयपुर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित सरकारी एमएलए क्वार्टर्स में विगत कई सालों से समय-समय पर चोरी और अन्य आपराधिक वारदातें होने की बात का खुलासा अपने आप ही हो जाता है, कहना गलत नहीं होगा कि जयपुर में अलग-अलग इलाकों में बने एमएलए क्वार्टर सुरक्षा की दृष्टि से कभी मजबूत रहे ही नहीं, कई विधायकों की ओर से समय-समय पर एमएलए क्वार्टर्स में चोरी होने की रिपोर्ट भी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई हुई है इसलिए सुरक्षा के लिहाज से विधायक खुद को काफी असहज और असुरक्षित महसूस किया करते थे लेकिन अब मंडल की इस आवासीय परियोजना में एक ही बहू मंजिल इमारत में 160 लग्जरी फ्लैट्स की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और कारगर ढंग से लागू करने में सरकार को भी किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी। एक ही जगह पर सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित करने से खर्चा भी काफी कम होगा और सुरक्षा का भी यहां पर कड़ा पहरा रहेगा जिसकी वजह से विधायक और उनके परिजनों में सुरक्षा का भाव बिल्कुल भी यहां पर पैदा नहीं होगा।

### मंडल की विधायक आवास परियोजना से विधायकों की कई बड़ी-बड़ी समस्याओं का अब हो जाएगा निदान

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से संपादित की जा रही विधायक आवास परियोजना से विधायकों की कई बड़ी-बड़ी और गंभीर समस्याएं अपने आप ही दूर हो जाएंगी। जयपुर में अलग-अलग स्थान पर स्थापित एमएलए क्वार्टर्स में अधिकांश एमएलए क्वार्टर्स रहने के लायक ही नहीं थे। कई एमएलए क्वार्टर्स जर्जर और पुराने हो चुके थे, नियमित रूप से साफ सफाई और रंग रोगन नहीं होने की वजह से कई एमएलए क्वार्टर्स काफी गंदे और खराब दिखते थे जिसकी वजह से कई विधायक तो रहते ही नहीं थे वे सिर्फ अपने स्टाफ को एमएलए क्वार्टर्स में रखते थे और अगर कुछ विधायक रहते भी थे तो वह मन दुखी करके इन फ्लैट्स में रहते थे लेकिन अपने पत्नी और बच्चों को बिल्कुल भी साथ नहीं रखते थे अब राजस्थान विधानसभा के बिल्कुल सामने 6 मंजिल खूबसूरत इमारत में तैयार किए गए लग्जरी फ्लैट्स देखकर हर कोई विधायक ही नहीं बल्कि उनके परिजन भी लग्जरी फ्लैट्स में रहने के लिए लालायित नजर आ रहे हैं, विधानसभा के बिल्कुल समीप ही विधायकों को उपलब्ध होने वाले यह फ्लैट्स हर तरह से विधायकों के लिए वरदान साबित होंगे क्योंकि एक तरफ जहां विधायकों को विधानसभा सत्र के दौरान आने जाने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। समय की भी काफी बचत होगी इसके अलावा कई फालतू खर्चों से विधायकों को मुक्ति मिलेगी।

# शाह बोले- राहुल गांधी ने मणिपुर जाकर नाटक किया: राज्य में हिंसा शर्मनाक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर दूसरे दिन की बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर पर बात की। उन्होंने कहा- राहुल गांधी मणिपुर गए थे। उन्होंने कहा मुझे चुराचांदपुर जाना है। सेना ने कहा- हेलिकॉप्टर से जाइए। वे नहीं माने। तीन घंटे ऑनलाइन आकर नाटक किया, फिर लौट गए।अगले दिन फिर हेलिकॉप्टर से ही गए। पहले दिन ही वे हेलिकॉप्टर से जा सकते थे, लेकिन उन्हें राजनीति करनी थी। मैं वहां तीन दिन और तीन रात रहा। मेरे साथी नित्यानंद 23 दिन रहे। हमने जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की कमेटी बनाई है। इसमें आईपीएस भी हैं। आज भी मैतेई और कुकी का गुस्सा शांत नहीं हुआ है, लेकिन हमने फोर्स लगा रखी है, इसलिए वहां शांति है। मणिपुर में जो हुआ शर्मनाक है। उस पर राजनीति करना उससे भी ज्यादा शर्मनाक है। नरसिम्हा राव पीएम थे, तब भी मणिपुर में 700 लोग मारे गए, लेकिन पीएम वहां नहीं गए।

शाह ने कहा- ये कहा जा रहा है कि हम मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहते, लेकिन सदन शुरू होने से पहले हमने इस पर चर्चा के लिए स्पीकर को लिखा था। विपक्ष चर्चा नहीं चाहता, वे सिर्फ विरोध करना चाहते हैं। मणिपुर जैसे मुद्दे पर आप गृहमंत्री को नहीं बोलने दे रहे हैं। आप हमें चुप नहीं कर सकते हो, हमें सुनना पड़ेगा।

### म्यांमार बॉर्डर की फेंसिंग कर रहे

2021 में म्यांमार में सत्ता बदली। वहां मिलिट्री सरकार गिर गई। वहां कुकी डेमोक्रेटिक फ्रंट ने आंदोलन किया तो मिलिट्री सरकार ने दबाव बनाया। हजारों की संख्या में कुकी आदिवासी मणिपुर के जंगलों में बसने लगे। हमने सुरक्षा के लिहाज से फ्री बॉर्डर को बंद करने का फैसला लिया। 10 किलोमीटर फेंसिंग हो चुकी है। 7 किमी का काम जारी है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# एक और इतिहास रचने से महज चंद कदम दूर भारत

जिस देश को कभी सांपों और भिखारियों की धरा कहा जाता था। जिस देश में कभी साइकिल और बैलगाड़ी पर रखकर रॉकेट इधर से उधर ले जाए जाते थे, उसी देश ने अब चांद और आसमान पर कब्जा करना सीख लिया है। अंतरिक्ष की दुनिया में भारत एक बार फिर इतिहास रचने के मुहाने पर खड़ा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो का चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चांद पर कदम करने से चंद फरलांग दूर है। यह चंद्रमा की 174 किलोमीटर बाई 1437 किलोमीटर की ऑर्बिट में आ गया है। यानी चंद्रयान-3 ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है, जिसमें उसकी चांद से सबसे कम दूरी 174 किलोमीटर और सबसे ज्यादा दूरी 1437 किलोमीटर है। अब चंद्रयान 14 अगस्त को 11:30 से 12:30 बजे की बीच फिर से अपनी ऑर्बिट बदलेगा। इससे पहले 6 अगस्त को रात करीब 11 बजे पहली बार चंद्रयान की ऑर्बिट घटाई गई थी। तब ये चंद्रमा की 170 किलोमीटर बाई 4313 किलोमीटर की ऑर्बिट में आया था। 22 दिन के सफर के बाद चंद्रयान 5 अगस्त को शाम करीब 7:15 बजे चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था। तब यान चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके, इसके लिए उसकी स्पीड कम की गई थी। स्पीड कम करने के लिए इसरो वैज्ञानिकों ने यान के फेस को पलटकर थ्रस्टर 1835 सेकेंड यानी करीब आधे घंटे के लिए फायर किए। ये फायरिंग शाम 7:12 बजे शुरू की गई थी। चंद्रयान ने जब चंद्रमा की इस ऑर्बिट में प्रवेश किया था तो उसके ऑनबोर्ड कैमरों ने चांद की तस्वीरें कैप्चर की थीं। इसरो ने ये भी बताया था कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है। 23 अगस्त को लैंडिंग से पहले चंद्रयान को कुल 4 बार अपनी ऑर्बिट कम करनी है। वो रविवार को एक बार ऑर्बिट कम कर चुका है। चांद पर कदम रखने वाला ये हिंदुस्तान का तीसरा सबसे बड़ा मिशन है। इसे 642 टन वजनी, 43.5 मीटर ऊंचे एलवीएम3-एम4 रॉकेट से लॉन्च किया गया। यह देश का सबसे ताकतवर बाहुबली रॉकेट है। अगर दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग होती है, तो भारत दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन जाएगा। वास्तव में ये भारत के लिए एक ऐतिहासिक समय है। इसके स्थापित होने के बाद भारत को विश्व बिरादरी में अलग पहचान तो मिलेगी ही साथ ही चांद हमें पृथ्वी के क्रमिक विकास और सौर मंडल के पर्यावरण की अविश्वसनीय जानकारियां दे सकता है। वैसे तो कुछ परिपक्व मॉडल मौजूद हैं, लेकिन चंद्रमा की उत्पत्ति के बारे में और अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। चांद की सतह को व्यापक बनाकर इसकी संरचना में बदलाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। चंद्रमा की उत्पत्ति और विकास के बारे में भी कई महत्वपूर्ण सूचनाएं जुटाई जा सकेंगी। वहां पानी होने के सबूत तो चंद्रयान-1 ने खोज लिए थे और चंद्रयान-2 से वहां की सतह की मैपिंग हो गई थी, लेकिन चंद्रयान -3 से वहां पर मौजूद जरूरी मिनरल्स का पता लगाया जा सकेगा। चंद्रयान-3 का लैंडर जहां उतरेगा उसी जगह पर यह जांचेगा कि चंद्रमा पर भूकंप आते हैं या नहीं। चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरेगा जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है। इसका मकसद चंद्रमा की जानकारी जुटाना है। ऐसी खोज करना जिनसे भारत के साथ ही पूरी मानवता को फायदा होगा। इन परीक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही भावी चंद्र अभियानों की तैयारी में जरूरी बड़े बदलाव होंगे ताकि भविष्य के चंद्र अभियानों की नई टेक्नोलॉजी को बनाने और उन्हें तय करने में मदद मिले। अब इंतजार केवल उस दिन का है जब चंद्रयान 3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा और पूरी दुनिया में भारत की तकनीकी दक्षता का डंका बजेगा।

## विश्व जैव ईंधन दिवस

योगेश कुमार गोयल



# जैव ईंधन से कम होगी कच्चे तेल पर निर्भरता

पिछले कुछ वर्षों से पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव झेल रही है और जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन के ही कारण हमारा पारिस्थितिक तंत्र बिगड़ गया है, जिसका असर अब जीवन के लगभग हर क्षेत्र में स्पष्ट देखने को मिल रहा है। जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण मनुष्यों द्वारा पारम्परिक जीवाश्म ईंधन का बड़े स्तर पर दोहन किया जाना भी है, जिसका पर्यावरण पर बेहद खतरनाक प्रभाव देखा जा रहा है। यही कारण है कि पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के बजाय अपरम्परागत जीवाश्म ईंधन को इस्तेमाल करने की जरूरत महसूस की गई और पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के विकल्पों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ही प्रतिवर्ष 10 अगस्त को 'विश्व जैव ईंधन दिवस' मनाया जाता है। ईंधन के अपरम्परागत स्रोतों में ऐसे जीवाश्म स्रोत शामिल हैं, जो पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में कार्य कर सकते हैं। विश्व जैव ईंधन दिवस सर रूडोल्फ डीजल की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने डीजल इंजन बनाने का कार्य किया था। पारम्परिक ईंधन का वैकल्पिक संस्करण जैव ईंधन पर्यावरण को बेहतर बनाता है। यह जानना बेहद जरूरी है कि जैव ईंधन आखिर है क्या? जैव ईंधन पर्यावरण के अनुकूल ऐसा ईंधन है, जिसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। जैव ईंधन को ऊर्जा के किसी भी स्रोत, जो जैविक सामग्री हो,



जैसे कृषि अपशिष्ट, फसल, पेड़ अथवा घास से निकाला जाता है। पारम्परिक जीवाश्म ईंधन की तुलना में जैव ईंधन में सल्फर नहीं होता और कार्बन मोनोऑक्साइड तथा विषाक्त उत्सर्जन भी कम होता है। कार्बन के किसी भी स्रोत से जैव ईंधन का उत्पादन किया जा सकता है। चूंकि जैव ईंधन को बायोमास संसाधनों की मदद से बनाया जाता है, इसीलिए इसे पुनः बनाया जा सकता है। एक ओर जहां जीवाश्म ईंधन के जलने से कार्बन उत्सर्जन होता है और यह हमारे वातावरण तथा पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है, वहीं जैव ईंधन न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है बल्कि कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता को कम करने की कुंजी भी है। भारत उन्नत जैव ईंधन क्षेत्र के उत्पादन के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहा है। जैव ईंधन ऊर्जा का नवीकरणीय और जैव निम्नीकरणीय स्रोत होता है, जो नवीकरणीय संसाधनों से बनता है और जीवाश्म डीजल की तुलना में अपेक्षाकृत कम ज्वलनशील है। बहरहाल, जैव ईंधन का उपयोग बढ़ाए जाने के कई प्रमुख लाभ हो सकते हैं, जैसे इससे कच्चे तेल पर निर्भरता कम होने से जहां पर्यावरण में अपेक्षित सुधार होने की प्रबल संभावनाएं हैं, वहीं इससे खासकर ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऊर्जा पहुंचाई जा सकेगी, साथ ही परिवहन ईंधन की बढ़ती मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा। इस समय वाहनों के लिए उपयोग होने वाले पारम्परिक ईंधन और प्राकृतिक गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं और आने वाले समय में इनके दामों में और बढ़ोतरी होगी। ऐसे में बढ़ती महंगाई के इस दौर में लोगों के समक्ष अपने बजट को बिगड़ने से रोकने का एक ही उपाय नजर आता है कि वे बिजली चालित वाहनों का उपयोग करें लेकिन इन वाहनों की कीमतें इतनी ज्यादा है कि हर व्यक्ति के लिए यह विकल्प भी आसान नहीं दिखता। ऐसे में जैव ईंधन को बढ़ावा देना समय की बड़ी मांग है क्योंकि यह ईंधन अन्य ईंधन की कीमतों की तुलना में न केवल सस्ते हैं बल्कि प्रदूषण भी नहीं फैलाते। चूंकि जैव ईंधन नवीकरणीय बायोमास संसाधनों से बनाए जाते हैं। इनके उपयोग से प्रदूषण से मुक्ति मिल सकती है। माना जा रहा है कि जैव ईंधन पर्यावरण को कोई नुकसान पहुंचाए बगैर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में बड़ी मदद करेगा।

(लेखक पत्रकार और पर्यावरण मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# प्रतिव्यक्ति आय भी बढ़ानी होगी

> भारतीय अर्थव्यवस्था में लंबी तेजी का दौर शुरू हो गया है। दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत आर्थिक सुपरपावर बनने की डगर पर अग्रसर है। एक वर्ष पहले दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई देगा, लेकिन इन दिनों प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई दे सकता है। इस पर भी ध्यान देना होगा कि भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी ऊंचाई प्राप्त करे।

हाल ही में दुनिया के दो दिग्गज आर्थिक शोध व बाजार पर नजर रखने वाले दो वैश्विक वित्तीय संगठनों ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली और एसएंडपी ग्लोबल के द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित रिपोर्टों में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में लंबी तेजी का दौर शुरू हो गया है। दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत आर्थिक सुपरपावर बनने की डगर पर अग्रसर है। कोई एक वर्ष पहले दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई देगा, लेकिन इन दिनों प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई दे सकता है। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टेनली जैसे कई वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आएगा। 30 जुलाई को विश्व प्रसिद्ध स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल भारत में जो प्रति व्यक्ति आय 2450 डॉलर है, वह वर्ष 2030 तक 70 फीसदी बढ़कर 4000 डॉलर प्रति व्यक्ति हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 27 जुलाई को जारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शोध इकाई इकोरैप की रिपोर्ट में भी कहा किया गया है कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जून की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से ज्यादा रहने वाली है। इससे चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना विकास दर के 6.5 फीसदी रहने की संभावना बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2027 तक अमेरिकी इकोनॉमी का आकार 31.09 ट्रिलियन डॉलर का होगा और यह पहले स्थान पर होगी। दूसरे स्थान पर चीन 25.72 ट्रिलियन डॉलर के साथ होगा। तीसरे स्थान पर भारत 5.15 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई देगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में दोबारा बनाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र परिसर (आईईसीसी) 'भारत मंडपम' राष्ट्र को समर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि निश्चित रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वृद्धि की रफ्तार और तेज होगी। प्रधानमंत्री की 'गारंटी' इसलिए भी निश्चित दिखाई दे रही है, क्योंकि जापान की अर्थव्यवस्था स्थिर हो चुकी है और जर्मनी की अर्थव्यवस्था धीमी गति से बढ़ रही है।

यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट-2023, इनवेस्को ग्लोबल की 'सोवरेन वेल्थ फंड निवेश रिपोर्ट-2023', निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स की 'भारत की आर्थिक संभावना रिपोर्ट 2023' को भारत की बढ़ती हुई आर्थिक,



वित्तीय और निवेश अहमियत को रेखांकित करते हुए दिखाई दे रही है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट में भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे आगे पहुंच गया है। इनवेस्को ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक सोवरेन वेल्थ फंड के निवेश को लेकर दुनिया के 142 मुख्य निवेश अधिकारियों ने भारत को पहली पसंद बताया है। इनवेस्को के अध्ययन के मुताबिक राजकोषीय घाटा कम हो रहा है और राजस्व संग्रह में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा भारत की आबादी, नियामक पहल और सोवरेन निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल से भी भारत को निवेश की पहली पसंद बनने में मदद मिली है। विकासशील देशों में निवेश के लिए अब चीन नहीं भारत पहली पसंद बन गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले 9 साल में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। भारत को वैश्विक डिज़ाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गति शक्ति जैसी सफल पहल भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लोकसभा ने जिस जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दी है, वह उद्योग-कारोबार बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। 60 फीसदी तक वृद्धि घरेलू खपत और निवेश के कारण होती है। भारतीय बाजार बढ़ती डिमांड वाला है। भारत का शेयर बाजार दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा है। देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति और देश के मजबूत राजनीतिक नेतृत्व के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है।

निश्चित रूप से इस समय दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित हो रहे भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं को साकार करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि एवं निवेश साख को और मजबूत बनाना होगा। नई लॉजिस्टिक नीति, गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान देना होगा। विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों की डगर पर रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी भी बढ़ाना होगी। अभी सीमित संख्या में ही भारत नई डिजिटल की कौशल प्रशिक्षित प्रतिभाएं डिजिटल कारोबार की जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। अब दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की ओर नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स से सुसज्जित किया जाना होगा। अब भारत को विभिन्न देशों के साथ एफटीए के लिए वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होगी। रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।

हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि जीडीपी के मामले में भारत वर्ष 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी ऊंचाई प्राप्त करे। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम आदमी की मुट्ठियों में भी अधिक विकास की खुशियां पहुंचते हुए दिखाई दे सकेंगी।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# गावत संतत संभु भवानी



संकलित

**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित

**प्रेरणा**

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दलीय कट्टरपंथ देश के लिए खतरनाक

लक्षण बताते हैं कि देश दलीय कट्टरपंथ की ओर अग्रसर हो चुका है। एमपी में पेशाब पिलाने की घटना घटी, लेकिन ऐसा नहीं लगता है कि सत्तापक्ष में बैठे किसी माननीय एसटी एमपी ने विरोध किया होगा। मणिपुर में महिलाओं के साथ घिनौना कांड हुआ लेकिन लगता नहीं है कि सत्तापक्ष में बैठे किसी माननीय महिला एमपी ने संसद में इस घटना की भर्त्सना की हो। जब किसी तथाकथित डबल इंजन की सरकार में किसी एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग पर अत्याचार होता है या फिर केंद्र सरकार उनके हक हकूक को छीनती है तो ऐसा नहीं लगता है कि सत्तापक्ष में बैठे इन वर्गों से संबंधित माननीय सांसदों ने विरोध में आवाज बुलंद की हो। जब दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था तो पार्टी से ऊपर उठकर सब माननीयों ने भर्त्सना की थी। – *संजय परिहार, दुर्ग*

## ट्रेंड

### परचम बुलंद करना होगा



1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के 81 वर्ष पश्चात, आज फिर समय आ गया है जब हम भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और अनैतिकता को आईएनडीआईए छोड़ो कहें। अगर हमें विकास के अमृतकाल में प्रवेश करना है तो आईएनडीआईए छोड़ो का परचम बुलंद करना होगा।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### मंत्री नहीं बता रहे



राहुल गांधी ने लोक सभा में भारत की आवाज़ रखी। पंडित नेहरू ने कहा था - 'भारत माता', भारत के ही लोग हैं। मणिपुर की हिंसा हमारे भाई- बहन झेल रहे हैं। मोदी के मंत्रीगण ये नहीं बता रहे हैं कि हिंसा कैसे हुई, इसे क्यों फैलने दिया गया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### सड़कछाप भाषा पर उतरे



संस्कार विहीन, मर्यादाहीन भड़काऊ जनता पार्टी के नेता और मंत्री संसद में सड़कछाप भाषा पर उतर चुके हैं। 2024 की स्पष्ट हार को देखकर ये लोकतांत्रिक मर्यादाएं, संस्कृति और स्वस्थ संवाद को छोड़, डर से बुरी तरह बौखला गए हैं।

**-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो**

### यह सत्य भी उजागर



"रावण बस दो लोगों की सुनता था, मेघनाथ और कुंभकरण। वैसे ही मोदी सिर्फ दो लोगों की सुनते हैं, अमित शाह और अडानी"। राहुल ने आज सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर भाषण में यह सत्य भी उजागर किया!

**-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता**

## करंट अफेयर

# विश्व बैंक का युगांडा को वित्त पोषण से इनकार




विश्व बैंक ने कहा कि वह युगांडा में इस साल की शुरुआत में समलैंगिकता विरोधी कानून लागू करने के बाद पूर्वी अफ्रीकी देश को और कर्ज देने पर विचार नहीं करेगा। मानवाधिकार समूहों और अन्य ने इस कानून की निंदा की है। विश्व बैंक ने मई में यह कानून लागू किए जाने के बाद युगांडा में एक दल को तैनात किया था और यह तय किया था कि परियोजनाओं को बैंक के पर्यावरणीय और सामाजिक मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। विश्व बैंक समूह ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'अतिरिक्त कदमों का प्रभाव परखने तक हमारे कार्यकारी निदेशक मंडल को युगांडा को कोई और वित्त पोषण दिए जाने का प्रस्ताव पेश नहीं किया जाएगा।' इसमें कहा गया है, 'हमारा लक्ष्य उन परियोजनाओं में लैंगिक अल्पसंख्यकों को भेदभाव तथा बहिष्कार से बचाना है जिन्हें हम वित्त पोषण देते हैं। इन कदमों पर अभी प्राधिकारियों के साथ चर्चा की जा रही है।' समलैंगिकता विरोधी कानून में कुछ समलैंगिक कृत्यों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। इस विधेयक पर मई में हस्ताक्षर कर उसे कानून का रूप दिया गया था।

## ऑफ बीट

# आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास



इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।



सितारा न्यूज ब्रीफ

## बहरोड़ तहसील मीणा समाज ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस




सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड।** कस्बे के निजी मैरिज गार्डन में बहरोड़ तहसील मीणा समाज ने बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया। इस दिवस पर वक्ता प्रकाश चन्द मीणा प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा व्याख्याता रवि मीणा प्रधानाचार्य व जगदीश मीणा ने समाज को संगठित रहने तथा समाज के अधिकार और हक के लिए संघर्ष करने तथा मणिपुर में हो रही हिंसा को रोकने पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा सरकार को शीघ्र ही निर्णय करते हुए मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। कार्यक्रम सुभाष मीणा ने विश्व आदिवासी दिवस पर उपस्थित युवा पीढ़ी को अपने ऊपर गर्व और स्वाभिमान करने के लिए कहा और युवाओं को मीणा जाति का इतिहास पढ़ना चाहिये तथा अपने पूर्वजों के बलिदान को स्मरण रखना चाहिए।आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत व परम्परा को सहेजकर रखना चाहिए। इस दौरान मीणा समाज के महिला पुरूष व बच्चे मौजूद रहे।

## चुनाव आयुक्त ने नारी उत्थान संस्थान में किया पौधारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के बाईपास सड़क मार्ग पर स्थित नारी उत्थान संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को पेड़ लगाओ, धरती बचाओ अभियान के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता द्वारा पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि गुप्ता ने सीताफल का पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। वही संस्था की महिलाओं ने लगाए गए पौधे की सार-संभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य अतिथि मधुकर गुप्ता और तहसीलदार शिवानी शर्मा का संस्था द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयुक्त गुप्ता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण और महिला स्वालंबन एवं स्वरोजगार के बारे में बताया। संस्था निदेशक उमा रत्नू ने मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए नारी उत्थान संस्थान के द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्य व संस्था की उपलब्धि बताई। इस दौरान तहसीलदार शिवानी शर्मा, रोहित शर्मा, सुनीता यादव ने भी महिलाओं को अपना उद्बोदन दिया। मंच संचालन सुरेश कपूरिया नें किया। इधर पत्रकार वार्ता में चुनाव आयुक्त गुप्ता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इस मौके पर महाशक्ति डायरेक्टर मेवा देवी, सुमन कंवर, देशराज शर्मा, सुमन जाट, सरिता कँवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## ब्रजभूमि कल्याण परिषद आज करेगी पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता

**नूंह मामले से सबक लेने और अवैध घुसपैठियों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करने के मुद्दे पर होगी प्रेस वार्ता**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/अलवर।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में आज पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में दोपहर 3:00 से 4:00 तक एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि प्रदेश की सरकार को हरियाणा के नूंह से सबक लेने की आवश्यकता है क्योंकि नूंह में राजस्थान के भी अवैध घुसपैठियों और रोहिंग्या पकड़े गए थे जिन्होंने आतंकवाद और धार्मिक उन्माद फैलाने की हिमाकत की और हिंदू समुदाय की धार्मिक यात्रा पर पत्थरबाजी की, गोलीबारी की, हिंसा और अराजकता फैलाई। राजस्थान प्रदेश में भी प्रत्येक शहर और कस्बे में सरकार को चाहिए कि वह एक अवैध घुसपैठियों को चिन्हित करने की मुहिम चलाएं और जो रोहिंग्या, पाकिस्तानी, आतंकवादी, अलगाववादी, बांग्लादेशी विभिन्न स्थानों पर बैठकर स्लीपर सेल का काम कर रहे हैं और राजस्थान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा के लिए उनसे विशेष खतरा है तो अभी समय रहते राजस्थान की सरकार, पुलिस और प्रशासन को सतर्क हो जाना चाहिए और इनके ऊपर कार्यवाही करनी चाहिए। कल की जयपुर की प्रेस वार्ता को ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के अधिकारी और समाज के अन्य वर्गों के प्रमुख लोग संबोधित करेंगे।




## कमलकांत कांग्रेस आईएनसीआर युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)** ।कांग्रेस आईएनसीआर संगठन में कमलकांत को आईएनसीआर युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है, इसी के साथ निर्मल चौधरी को भी महिला प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है । उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु भाई पटेल और राष्ट्रीय वर्किंग अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा एवं प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया की सहमति से हुई,इससे पहले कमलकांत ने सक्रिय रहते हुए पार्टी के लिए कार्य किया और वे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं ।उन्होंने कहा कि संगठन ने शीर्ष नेतृत्व के लिए दिये नए दायित्व का सच्ची निष्ठा मेहनत और लगन से निभाया जाएगा । उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मनुभाई पटेल , राष्ट्रीय वर्किंग अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया, जिला अध्यक्ष मुन्नाराम फौजी ,पीसीसी सदस्य हुसैन लीलघर, उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी का आभार प्रकट किया कमलकांत को कांग्रेस आई एनसीआर युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर उनके शुभचिंतक इष्ट मित्र और कांग्रेस कार्यकर्ता गिरधारी राम महला, लादूराम डोडवाडिया, सुरेंद्र कसवा, शक्ति सिंह, जयप्रकाश शेषमा, किशोर डोडवाडिया ने बधाई व शुभकामनाएं संदेश प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

**रैणी बीडीओ भूदर मल मीना के सानिध्य में सभी 25 पंचायतो में होगा आयोजन**

# 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत ग्राम स्तर पर कार्यक्रम हुए आयोजित





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की सभी 25 पंचायतो मे बुधवार को रैणी बीडीओ भूदर मल मीना के सानिध्य मे राज्य सरकार के निदेर्शानुसार ग्राम स्तर पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत शहीद वीरो के सम्मान मे मिट्टी को नमन कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर रैणी पंचायत समिति कार्यालय से रैणी सरकारी सीनियर स्कूल के विधार्थियो को पौधारोपण करने के पौधे वितरण किए गए। रैणी बीडीओ भूधर मल मीना के निर्देशन मे मनरेगा जेईएन जितेश शर्मा ने बताया कि हमारे रैणी ब्लॉक की सभी 25 पंचायतो मे गांव स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किए गए है इस कार्यक्रम के शहीद हुए वीरो का अभिनन्दन और मिट्टी को नमन करते हुए झण्डारोहण भी किया गया है तथा भारत माता के शहीद वीर शहीदो को सम्मान देते हुए उनके परिजनो की रक्षा करने की भी प्रतिज्ञा ली गई है। पौधारोपण भी किया गया है तथा 11 अगस्त शुक्रवार को यह कार्यक्रम सभी 25 ग्राम पंचायत मुख्यालयो पर आयोजित होगा। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी बीडीओ भूदर मल मीना के निर्देशन मे मनरेगा जेईएन जितेश शर्मा के द्वारा दी गई है।

## जखराना : टोल प्लाजा पर दूसरे दिन भी हंगामा, पूलिस व ग्रामीणों में लंबी वार्ता, नही बनी सहमति




सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड।** क्षेत्र के जखराना टोल प्लाजा पर दूसरे दिन बुधवार को भी विवाद बना रहा। सैकड़ो की संख्या में आसपास के लोगों ने टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन कर टोल कर्मियों को हटाया व वाहनों के टोल फ्री करवा दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को टोल से हटाया व ग्रामीणों को समझाइस कर धरना समाप्त किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारी आए दिन स्थानीय लोगों से मारपीट करते हैं। मुख्य सड़क से नरेगा द्वारा स्वीकृत रास्ते पर रोक लगा रखी है। जिससे हमें हमारे खेतों में आना-जाना रहता है। ऐसे में टोल प्लाजा कर्मियों की गुंडागर्दी से परेशान व आसपास के गांव से टोल वसूलने को लेकर नाराजगी प्रकट करते हुए यह धरना प्रदर्शन किया। जिसमें जखराना, जाट गांवडा, भगवाड़ी, नायसराणा, अनन्तपुरा गांवों के टोल फ्री करने की मांग रखी। टोल कर्मचारियों ने बताया कि हमारे पास ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें स्थानीय लोगों को टोल मुक्त किया जाए। फिर भी हम आसपास 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांव के टोल उनकी आईडी कार्ड के साथ फ्री कर सकते हैं। ऐसे में आरएसआरडीसी विभाग व पूलिस अधिकारियों की लंबी बैठक के बाद उनके नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी ली व इसपर चर्चा करके निर्णय लिए जाने की बात कहीं गई। गौरतलब है कि 2 दिन पहले मंगलवार को टोल प्लाजा पर 30-35 बदमाशों द्वारा टोल प्लाजा पर बड़ी मात्रा में तोड़फोड़ कर दी जाती है।व सीसीटीवी कैमरे, एलईडी सहित टोल कार्यालय में भी जमकर तोड़फोड़ की जाती है। जिसमें टोल प्लाजा की ओर से जखराना सरपंच करण सिंह उर्फ गुड्डू पर घटना करने का आरोप लगाया। जिसको लेकर पुलिस थाने में दोनों पक्षों के द्वारा मामले दर्ज हो गए हैं। पुलिस इस विषय में अनुसंधान कर रही है।

## किरण स्कूल गोविन्दपुरा के छात्र मोहित चौधरी ने आईस स्टोक में जीता गोल्ड मेडल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** कालवाड़ रोड़ गोविन्दपुरा स्थित किरण बाल भारती सी. सै. स्कूल के छात्र राजेश गुर्जर पुत्र श्री सीताराम गुर्जर कक्षा 9 वीं ने राजस्थान स्टेट आईस स्टोक चैंपियनशिप में अलग अलग प्रतियोगिता में स्वर्ण, तथा कांस्य पदक जीता ।संस्था निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया की छात्र ने श्री महाराजा विनायक पीजी महाविद्यालय मीणा पालड़ी आगरा रोड जयपुर में 5 से 6 अगस्त तक आयोजित आईस स्टोक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर छात्र को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में मनाया अगस्त क्रांति दिवस



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर ।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले मां भारती के लाल अमर शहीदों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की 9 अगस्त 1942 को मुंबई के गोवालिका टैंक मैदान जिसे अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है, वहां महात्मा गांधी जी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया और 8 एवम 9अगस्त 1942 को यहां अन्य नेताओं और आम जनता के साथ एकत्र हुए और अगस्त क्रांति का एलान किया गया। इसके पीछे का इतिहास है की 4 जुलाई 1942 के दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित किया की अगर अंग्रेज अब भारत नही छोड़ते है तो उनके खिलाफ देशव्यापी पैमाने पर नागरिक अवज्ञा आंदोलन चलाया जाएगा और 9अगस्त 1942 को मुंबई महाराष्ट्र के गोवलिका टैंक मैदान में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन किया गया जहां लगभग एक लाख लोगो को गिरफ्तार कर इस आंदोलन को अंग्रेजो द्वारा कुचलने की कोशिश की गई। लेकिन महात्मा गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया और देश की जनता ने इस आंदोलन को अपने हाथ में लेकर इसे जन आंदोलन बना दिया तथा ये आजादी की लड़ाई का सबसे बड़ा आंदोलन बना। आजादी की लड़ाई में प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर क्रांतिकारी एवं अमर शहीदों की शहादत को हम नमन करते हैं जिनके संघर्ष के फलस्वरूप अंततः हमारे देश को स्वाधीनता मिली।

इस अवसर पर योगेश मिश्रा, अजीत यादव, राजेंद्रपाल शर्मा, फूलचंद मिश्रा, हिरेंद्र शर्मा, गफूर खान, जयदीप आर्यन, प्रीतम मैहंदीरत्ता, सूरजमल कर्दम, राजेश विरमानी, रामप्रकाश शर्मा, हंसराज मंजोका, हरिशंकर रावत, अनवर साजिद, हिमांशु शर्मा, पंकज शर्मा, संजय शुक्ला, बिना नरूका, कमलेश सैनी, शोभा साहू, राजेश कृष्ण सिद्ध, मनोहरलाल यादव, देशपाल यादव, राजेश सैनी, मनोज आहुज, बिजेंद्र सैन, गौरीशंकर विजय, छंगामल लखेरा, अजय मेथी, कृष्णा खंडेलवाल, रामगोपाल सोनी, अंशुल सैनी, भगवान सैनी, भरत महाराज, देवेन्द्र शर्मा, धर्मपाल नंगली, अशोक धानका, योगेश शर्मा, वैभव नरूका तथा कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीजी कॉलेज प्रांगण में मनाया आजादी अमृत महोत्सव




सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़ ।** कस्बे के अलवर रोड स्थित बहरोड़ पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत माटी को नमन वीरों का वंदन विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के लिए सर्वोत्तम बलिदान देने वाले वीरों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने हाथ में मिट्टी लेकर नमन किया व शपथ ली।महाविद्यालय निदेशक उमेश चौधरी ने मातृभूमि के सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों के परिवारों का सम्मान करने के लिए स्वयंसेवकों और सेवकों को हमेशा समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के प्रभारी व स्वयंसेवक व सेविकाओं ने पंचप्राण शपथ के तहत मैं एक विकसित भारत के निर्माण अपनी भूमिका निभाने की प्रतिज्ञा करता हूँ। औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाने की प्रतिज्ञा व देश की रक्षा और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की प्रतिज्ञा करता हूँ। एनएसएस प्रभारी जोगेंद्र सिंह यादव, सीमा सैनी, रेखा यादव ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने हाथ में मिट्टी लेकर 121 पौधे लगाए। इस दौरान महाविद्यालय के विक्रम सिंह यादव, राकेश जयपाल, प्रियंका शर्मा, सुरेश चंद्र सैनी, महिपाल चौधरी, विकास कुमार, मोनिका शर्मा, मोनिका चौहान, तथा महाविद्यालय के सैकड़ों स्वयंसेवक एवं सेविकाओं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शिव मन्दिर समस्त कुम्हारान पंचायत ट्रस्ट का जिला बनाओ यूनिट को मिला समर्थन

***जिला संघर्ष समिति को हर कदम पर साथ देने का आश्वासन भी मिला***



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** शिव मन्दिर समस्त कुम्हारान पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार कुमावत फौजी ने जिला बनाओ यूनिट के धरना स्थल पुराना बस स्टैंड कुचामन पर पहुंचकर जिला संघर्ष समिति के हर कदम पर साथ देने का आश्वासन दिया ।शिव मंदिर समस्त कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी पदाधिकारियों सदस्यों का जिला बनाओं यूनिट ने स्वागत किया मंच से सम्बोधित करते हुए राजकुमार फौजी ने सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों से निवेदन किया आप जिला बनाओं युनिट को समर्थन करे वरना जनता आपका सुपड़ा साफ कर देगी ।राजकुमार फौजी ने स्थानीय विधायक महेंद्र चौधरी तथा राजस्थान सरकार को साफ शब्दो मे सूचित किया कि अगर जिला मुख्यालय कुचामन नहीं बनाया तो ऐसी सर्जिकल स्ट्राइक होगी ,चारो तहसीलो में कांग्रेस का सुफडा साफ हो जायेगा ।उक्त अवसर पर शिव मंदिर समस्त कुम्हारन पंचायत ट्रस्ट के सचिव हंसराज मारवाल, कोषाध्यक्ष भेरुलाल धुमाणिया, रुधाराम घोडेला, भागीरथ सिरस्वा, सुरेश दादरवाल, मानाराम राजोरिया, दिलीप राजोरिया, मुकेश सिघाटया, दुर्गेश मारोठिया, सत्यनारायण जालवाल, ओमप्रकाश बारवाल, भवर बालोदिया, एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

सुरेन्द्र सिंह दिपुरा, खीवकरण डबरिया, मोहन सोनी, अनिल माथुर, सत्यनारायण मोर तथा जिला बनाओं युनिट के सभी सदस्य तथा सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों ने डिडवाना के साथ कुचामन नाम हटाया जाए यहां मीनी सचिवालय जिला मुख्यालय कुचामन में स्थाई बनाने की घोषणा की जाए वरना इसका खामियाजा आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा ।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान के द्वारा निकाली गई न्याय पदयात्रा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी नगरपालिका क्षेत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा करौली से जयपुर तक न्याय पदयात्रा का बस्सी पहुंचने पर भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान में महिलाओं के साथ उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, मामलो को लेकर न्याय पैदल यात्रा निकाली जा रही है इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि राजस्थान सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है इन मामलों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान के द्वारा करौली से 3 अगस्त को न्याय पदयात्रा को रवाना किया जो 10 अगस्त को जयपुर पहुंचेगी। जयपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा कि या तो सरकार हमारी मांगे मान ले नहीं तो फिर हमे एक बहुत बड़ा आंदोलन करना पड़ सकता है। और इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बस्सी नगर अध्यक्ष मुलचंद मीणा और राकेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## बेटा नहीं होने से परेशान युवक ने दी जानः कई महीनों से था मानसिक तनाव में

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** सरमथुरा क्षेत्र के खरौली गांव में बुधवार शाम को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर युवक को इलाज के लिए अस्पताल लाते वक्त उसकी मौत हो गई। शव को कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवा दिया है। मृतक शिवराम मीना (38) पुत्र रूपचंद निवासी खरौली के शव को अस्पताल लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक के चार लड़कियां हैं। युवक के लड़का नहीं होने की वजह वह काफी परेशान रहता था। बेटे की चाहत में उसने अपनी पत्नी का भी कई जगह इलाज कराया, जिसका कोई भी फायदा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बेटे की चाहत में शिवराम मानसिक अवसाद में चला गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## बीकानेर के केशव बिस्सा ने वेट लिफ्टिंग में जीता इंटरनेशनल मैडल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** दिल्ली एनसीआर ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल कॉमनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में सिल्वर मैडल जीतकर बीकानेर लौटे केशव बिस्सा का जोरदार स्वागत-सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में यूआईटी के पूर्व चेयरमैन महावीर रांका, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी.पचीसिया, अनंतवीर जैन, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष मनमोहन कल्याणी, रमेश अग्रवाल (कालू बड़ी), पवन महनोत, रमेश भाटी, विरेंद्र किराडू, कांग्रेस नेता अरुण व्यास, सुरेंद्र कुमार बिस्सा, सावन पारीक, जतिन सहल सहित केशव के परिजन, कोच भुवनेश व्यास मौजूद थे। केशव ने इससे पहले स्कूल गेम्स में वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मैडल भी जीतकर राजस्थान के शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया था। केशव के परिजनों ने बताया कि बीकानेर के इतिहास में वेट लिफ्टिंग में यह पहला इंटरनेशनल मैडल है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर भाजपा नेता महेंद्र पाल मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहुंचे मीणा हाईकोर्ट दौसा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता महेंद्र पाल मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे मीणा हाई कोर्ट दौसा और इस दौरान मीणा हाई कोर्ट में लाखों की संख्या में पुरे राजस्थान से लोग पहुंचे इस दौरान राज्य सभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने जनता को संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस पर पर प्रकाश डाला और इस दौरान जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता महेंद्र पाल मीणा ने भी विश्व आदिवासी दिवस पर जनता को संबोधित किया और इस दौरान जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## नशीली दवाइयों की पकड़ी खेप, दो आरोपी गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, आरोपियों के कब्जे से परिवहन के काम में ली जा रही महंगी वरना कार जब्त की गई। थाना अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर तस्दीक करने के लिए दबिश दी गई तो दो युवक मुकेश खेदड़ निवासी रतनपुरा व गौरव कौशिक निवासी रींगस को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से सौ प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की सीसी जब्त की गई। नशीली दवाइयों के परिवहन के काम में ली जा रही वरना कार जब्त की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिए गए। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से नशीली दवाइयों के सप्लाई के ठिकानों के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी।



## कंचनपुर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर किया जब्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल ।** कार्यवाही विवरण- पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस द्वारा वांछित अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान बाबूलाल मीना आरपीएस वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के निकटतम सुपरविजन में योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना कंचनपुर द्वारा कल दिनांक 07-08-2023 को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये कुरेंन्दा मोड़ के पास से मुल्जिम सुनिल ऊर्फ मुखिया पुत्र खिलकु उम्र 24 साल जाति ठाकुर निवासी गांव कुरेंन्दा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया, उक्त मुल्जिम के कब्जे से एक अवैध देशी कटटा 315 बोर को बरामद कर सफलता अर्जित की गई। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मुकदमा नंबर 285 / 2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर अनुसंधान जारी है एवं इलाका हाजा में अवैध क्रिया कलाप जुआ सटटा अवैध हथियार, अवैध शराब व वांछित अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है। कार्रवाई करते पुलिस टीम का विवरण योगेन्द्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक थानाधिकारी, मान सिहं, विश्वेन्द्र, सोनवीर सिंह, पूरनमल, धर्मवीर सिहं, बहादुर सिंह पुलिस थाना कंचनपुर मौजूद रहे।



## जंगल में मिला शव, हत्या का मामला दर्ज सरपंच प्रतिनिधि पर हत्या का आरोप

**धौलपुर।** धौलपुर में सरमथुरा थाना क्षेत्र के झिरी गांव के जंगलों में एक व्यक्ति का क्षत विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतक बरखंडी (65) पुत्र रामरतन निवासी विश्नोदा के पुत्र रवि ने बताया कि उसके पिता बरखंडी करीब 20 साल से सरपंच प्रतिनिधि संजू जादौन के यहां मजदूरी करते थे। 5 अगस्त को उसके पिता संजू के घर गए थे। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे। जब सरपंच प्रतिनिधि से पूछा गया तो उसने गोलमोल जवाब देते हुए किसी बाइक सवार के साथ जाने की जानकारी दी थी।

*ग्राम की समस्याओं से करवाया अवगत...*

# चौपाल : चक चारणवास के ग्रामीणों ने पीसीसी ओबीसी प्रदेश सचिव को

**ग्रामीणों ने प्रदेश सचिव कैलाश राज से स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने व मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाने की, की मांग**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चक चारणवास के मुख्य चौक में बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी के प्रदेश सचिव कैलाश राज सैनी के सानिध्य में चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रदेश सचिव को गांव की समस्याओं से अवगत करवाते हुए बताया कि गांव में मुख्य समस्या स्वास्थ्य केंद्र खोलने, करणी माता के मंदिर का जीर्णोद्धार, बिजली कटौती संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर प्रदेश सचिव सैनी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण करवा दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश सचिव ने कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कैलाश राज का स्वागत किय जिस पर प्रदेश सचिव ने सभी का आभार जताया ।



## किया पौधारोपण : विश्व आदिवासी दिवस पर लगाए पौधे

*अध्यक्ष युगल खोड़ा के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जवाहर नगर कच्ची बस्ती युवा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष युगल खोडा.मीणा ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जवाहर नगर 2 सेक्टर चंद्रशेखर पार्क में नीम, शीशम, जामुन, अमरूद व अन्य फलदार पौधे लगाये। इस दौरान अध्यक्ष युगल खोडा. ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। उन्होंने स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण को सफल करने का आह्वान किया। इस पुनीत कार्य में हनुमान खोडा, सुरजन लाल मीणा, हुकुम मीणा, त्रिलोक मीणा, भूपेंद्र मीणा सहित आदिवासी मीणा समाज के कई लोगो ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने रसूलपुर पहाड़ी वाले हनुमान मंदिर भण्डारे में की शिरकत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने विश्व आदिवासी दिवस समारोह कार्यक्रम में आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर मे पहुंच कर आदिवासियो पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा की और आमजन को आदिवासियों के बारे मे भी सविस्तार से समझाया। रैणी प्रधान प्रतिनिधी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना इस कार्यक्रम के बाद बुधवार को लक्ष्मणगढ क्षेत्र के रसूलपुर मे पहाड़ी के उपर स्थित हनुमान जी मंदिर पर चल रहे भण्डारे मे जाकर शिरकत की और आमजन को सम्बोधित किया। इस दौरान रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना का गांव के पंच पटेल व स्थानीय गणमान्य नागरिको द्वारा फूल मालाओ से व साफा बांधकर जोरदार स्वागत सत्कार किया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।



**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मीणा ने धूमधाम से मनाया आदिवासी दिवस**

## राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ के विभिन्न गांवों में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शामिल हुए नरेंद्र मीणा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर ।** विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ के सहित विभिन्न गांवों में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नरेंद्र मीणा जनसेवक ने शिरकत की। इस दौरान नरेंद्र मीणा ने अपने आदिवासी समाज के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही सभी से प्रेम एवं भाईचारे के साथ रहने का आग्रह किया। मीणा ने सबसे पहले समाज के महापुरुषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया। और आयोजन कमेटियों व ग्राम वासियों के द्वारा नरेंद्र मीणा का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस अवसर पर लोक कलाकार एवं विभिन्न स्थानों से आए गीतकारों ने आदिवासी सभ्यता से जुड़े गीत लोगों को सुनाएं। इस अवसर पर अतिथि नरेंद्र मीणा ने कहा कि अपने आदिवासी को आगे बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है जिनके चलते उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। इस दौरान आयोजन कमेटी विधानसभा क्षेत्र के लोग हजारों की तादाद में मौजूद रहे।




# लोक की कविताएँ आलोक फैलाती है : चारण

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। सूर्य प्रकाशन मंदिर एवं राजस्थानी मोट्यार परिषद द्वारा लोक निजर उछब में डॉ.गौरीशंकर प्रजापत, विभागाध्यक्ष राजस्थानी विभाग का राजस्थानी कविता संग्रह ह्यभळै भरोसो भोर रोह्ल का लोकार्पण महाराजा नरेन्द्रसिंह ऑडिटोरियम, बीकानेर में किया गया। मुख्य अतिथि साहित्य अकादेमी दिल्ली के राजस्थानी भाषा परामर्श मंडल के संयोजक डॉ.अर्जुनदेव चारण ने कहा कि राजस्थानी का भविष्य उज्ज्वल है आज के युवाओं को अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देना चाहिए। डॉ.गौरीशंकर प्रजापत को बधाई देता हूं कि वे इस तरफ युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। चारण ने कविताओं के कथ्य एवं शिल्प को परिभाषित करते हुए बताया कि इस संग्रह की कविताएं सवाल करती है। जो कविताएं सवाल करती हों वे ही मनुष्य को आगे बढाने में सहायक होती है। उन्होंने कहा ये कविताएँ लोक की कविताएँ आलोक फैलाती है, अँधेरे में प्रकाश का काम करती है। विशिष्ट अतिथि प्रशांत बिस्सा ने इस काव्य संग्रह की रूपरेखा पर विस्तार से अपनी बात रखी। कवयित्री डॉ.रेणुका व्यास ने पुस्तक पर पत्रवाचन के माध्यम से यह बताया कि तीन खण्डों में विभक्त जीवन का यथार्थ और जीवन सार में गूंथा हुआ यह कविता संग्रह प्रेम और जीवन के बीच समन्वय का काम करेगा। इस काव्य संग्रह में महत्वपूर्ण विचारात्मक कविताएं हैं जो मानव चेतना की बात करती प्रतीत होती है। कवि डॉ.गौरीशंकर प्रजापत ने काव्य संग्रह में से बादसाह कविता से बताया; गीत भणतां ही / म्हैं लखग्यो कै / औ जगत थारी लीला है / जीवण थारो खेल / थूं खुद बादसाह बणह्लर / जगत नै बणा दी बिसात, सतरंज री / जिण माथै / चालण री बिसात नीं है, प्यादां री। इसके साथ चुनिंदा कविताएं हेत रो आखर, सीख, आत्मा रो मोल, हांडी, का वाचन किया। शिक्षाविद वेद शर्मा ने कवि के रचनात्मक दृष्टिकोण एवं बिम्ब विधान की तरफ ध्यान आकृष्ट किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए केन्द्रीय साहित्य अकादेमी दिल्ली में राजस्थानी भाषा परामर्शक मंडल के पूर्व सदस्य एवं पत्रकार मधु आचार्य आशावादी ने कहा कि जो भाषा जनता में श्रेष्ठ मानी जाती है वही जानी जाती है। काव्यसंग्रह में लयात्मकता है और कवि अपनी कविताओं के माध्यम से मनुष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। कवि ने लोक मन को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है।

इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर के पूर्व सचिव पृथ्वीराज रत्नूं ने पुस्तक पर अपनी बात रखते हुए अतिथियों का शब्दाभिषेक किया। लेखक ने अपना काव्य संग्रह चुनिंदा साहित्यकारों भंवरलाल भ्रमर, कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार, राजेन्द्र जोशी, गणेशीलाल कुमावत, डॉ.हरिराम विश्नोई, कुमार गणेश, एड.हरिराम जाळप, डॉ.नमामीशंकर आचार्य, गृह लक्ष्मी श्रीमती उषा प्रजापत आदि को भेंट किया। संचालन रंगकर्मी, उपन्यासकार हरीश बी. शर्मा ने किया। साहित्यकार संजय पुरोहित ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कृष्णलाल विश्नोई, सुधा आचार्य, डॉ.अजय जोशी, जगदीश प्रसाद रत्नूं, चंद्रशेखर जोशी, आर.के.सुथार, विनीता शर्मा, शंकरसिंह राजपुरोहित, इरशाद अजीज नोखा से नेमीचंद गहलोत, राजेशा रंगा, नागेन्द्र किराडू, समीक्षा व्यास, डूंगर गढ़ से विजय महर्षि, गिरिराज खैरीवाल, नीतू बिस्सा, शकूर बीकाणवी, किशोर मंगलाव, के साथ मोयियार परिषद के प्रशांत जैन, राजेश चौधरी, हिमांशु टाक, एड.राजेश विश्नोई, राजूनाथ, सहित पूरी टीम सहित नगर के गणमान्य उपस्थित थे।



आजादी का अमृत महोत्सव के तहत...

## मेरी माटी- मेरा देश (माटी को नमन-वीरों का वंदन) कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी- मेरा देश (माटी को नमन-वीरों का वंदन) कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रधानाचार्य हरिओम सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया यह कार्यक्रम भारत सरकार की आजादी के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए राष्ट्रव्यापी और लोगों के नेतृत्व वाली पहल के रूप मे मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को याद किया गया देश की समृद्धी, एकता व एकजुटता के लिए प्रधानाचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को पंच प्रण सपथ दिलाई गयी। एन एस एस प्रभारी शरणविहारी पाराशर ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार एन एस एस इकाई रा उ मा वि- बाड़ी के स्वयं सेवकों द्वारा युवा पोर्टल पर पंजीकरण किया गया व 75 स्वदेशी पौधे विद्यालय परिसर, पशु चिकित्सालय तथा गोद ली गयी बस्ती - वार्ड सं 21 मे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम मे प्रति एक पौधे की जिम्मेदारी एक स्वयं सेवक को दी गयी है जिसमे हर दूसरे दिन पौधे की देखभाल का कार्य सौंपा गया है। प्रधानाचार्य ने पहला वृक्ष स्वयं लगा कर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम मे विद्यालय स्टाफ के सदस्य अमरसिंह मीना, राकेश शर्मा, मनीष पचौरी, अनुसूइया शर्मा, हुकम अग्रवाल, महेश अवस्थी, उत्कर्ष तिवारी उपस्थित रहे ।

## 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

*मानपुर थाना पुलिस को किया सुपूर्द*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा।** थाना क्षेत्र ने जयपुर उमेश चदं दत्त आईपीएस द्वारा चलाये जा रहे 10 वर्ष से पूर्व के फरार स्थाई वारंटियों के अभियान को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक दौसा वंदिता राणा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट रामचंद्र नेहरा व अरविन्द कुमार आरपीएस पुलिस उप अधीक्षक लालसोट के निकटतम सुपरविजन में मदन लाल थानाधिकारी पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा जिला दौसा के नेतृत्व में टीम गठन कर उक्त अभियान के दौरान थाना मानपुर जिला दौसा के 10 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रामकेश पुत्र नाथूलाल जाति मीना उम्र 35 साल निवासी कल्लावास थाना रामगढ़ पचवारा जिला दौसा को दस्तयाब कर थाना मानपुर को सुपुर्द किया गया । पुलिस टीम-1. मदनलाल .नि. थानाधिकारी पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा, 2. चंदनसिंह एसी 197 पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा,3. रोहिताश शानि 493 पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा, 4. सतकुमार कानि. 1178 पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा टीम थी।

## हुआ निर्णय : 27 अगस्त को प्रतिभाओं का होगा सम्मान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई एवं विप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में परशुराम जन उपयोगी भवन के अंतर्गत संरक्षक शैलेंद्र जोशी पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशन में विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व में स्थगित बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वृद्ध जन सम्मान समारोह को लेकर चर्चा की गई जिसमें 27 अगस्त 2023 रविवार को सर्वसम्मति से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। नगर अध्यक्ष महेश नांगल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं, बीए, एमए, में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाएं, नीट 2023 में चयनित, राज्य सेवा में चयनित एवं किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा । तहसील अध्यक्ष हनुमान मेहलूनी ने बताया कि सम्मान समारोह में 75 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों का सम्मान भी किया जाएगा। विप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि समस्त प्रतिभाएं 20 अगस्त तक तय किए गए निर्धारित स्थान* पर अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे एवं 75 वर्ष से ऊपर वृद्ध जनों को अपने आधार कार्ड की प्रति एवं नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति आदेश की प्रति जमा करानी होगी। मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण अगावली, तहसील महामंत्री गिर्राज अरनिया, आरडी शर्मा, राजेंद्र होदायली, रवि गब्बर, आदि ने अपने विचार रखे।

## घर का सामान लेने गए युवक से मारपीट: पुरानी रंजिश को लेकर लाठियों से किया हमला

**धौलपुर।** सदर थाना क्षेत्र के कासिमपुर गांव में बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को घर का सामान लेने गए एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने युवक को इलाज के लिए ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट कर दिया। घायल युवक के भाई घनश्याम पुत्र नवाब सिंह निवासी कासिमपुर में सदर थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया है कि उसने घर का सामान लेने के लिए छोटे भाई कपिल को गांव की दुकान पर भेजा था, जहां पुरानी रंजिश को लेकर पहले से ही घात लगाकर बैठे रवि, प्रेम, निरोती, भंवर, नारायण मुन्ना और जसवंत ने उसे रास्ते में रोक लिया, जहां आरोपी रवि ने युवक की छाती पर देसी कट्टा तानकर उसे नीचे गिरा दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पांच महीने में 55 क्रिकेटरों ने कराया 58 डोप परीक्षण, जडेजा ने कराया तीन बार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार इस साल जनवरी से मई तक भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने तीन बार डोप परीक्षण के लिए नमूना दिया और इस तरह से वह इस अवधि में सर्वाधिक बार परीक्षण करवाने वाले क्रिकेटर बन गए।

नाडा की वेबसाइट पर जारी की गई नवीनतम सूची के अनुसार वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल मिलाकर 55 क्रिकेटरों (पुरुष और महिला, 58 नमूने) का डोप परीक्षण किया गया। इनमें से अधिकतर नमूने प्रतियोगिता से इतर लिए गए। इसका मतलब हुआ कि इस साल क्रिकेटरों से एकत्र किए गए नमूनों की संख्या पिछले दो वर्षों की तुलना में कहीं अधिक होने की संभावना है।


### सात रक्त, बाकी मूत्र के नमूने

*क्रिकेटरों के कुल 58 नमूनों में सात रक्त के जबकि बाकी मूत्र के नमूने शामिल हैं। जडेजा के तीनों नमूने मूत्र के लिए गए। यह नमूने 19 फरवरी, 26 मार्च और 26 अप्रैल को लिए गए। तेज गेंदबाज टी नटराजन के दो नमूने 27 अप्रैल को ले गए। इनमें एक रक्त और एक मूत्र का नमूना शामिल है। रक्त का नमूना अतिरिक्त पदार्थों का पता लगाने के लिए लिया जाता है। इन पदार्थों का मूत्र के नमूनों से पता नहीं चलता है।*




### रोहित, कोहली का अब तक परीक्षण नहीं





*आंकड़ों के अनुसार नाडा ने 2021 में क्रिकेटरों के 54 और 2022 में 60 नमूने लिए थे। वर्ष 2023 के पहले पांच महीनों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का परीक्षण नहीं किया गया। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले कुछ समय से भारत की अगुवाई कर रहे हार्दिक पंड्या का अप्रैल में प्रतियोगिता से इतर मूत्र का नमूना लिया गया था। वर्ष 2021 और 2022 में रोहित का सर्वाधिक बार परीक्षण किया गया था। नाडा के इन दोनों वर्षों के आंकड़ों के अनुसार रोहित का तीन तीन बार परीक्षण किया गया था। कोहली का 2021 और 2022 में भी परीक्षण नहीं किया गया था।*

### प्रमुख क्रिकेटरों ने कराई जांच

*इस साल जनवरी से मई तक जिन अन्य प्रमुख भारतीय क्रिकेटरों का डोप परीक्षण किया गया उनमें सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, इशान किशन, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी, भुवनेश्वर कुमार, रिद्धिमान साहा, दिनेश कार्तिक, यशस्वी जयसवाल, अंबाती रायडू, पीयूष चावला और मनीष पांडे शामिल हैं।*

### कौर, मंधाना ने दिए नमूने



*वर्ष 2022 में लगभग 20 नमूने महिला क्रिकेटरों के लिए गए थे। लेकिन इस साल पहले पांच महीनों में केवल दो महिला क्रिकेटरों भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना का एक एक बार प्रतियोगिता से इतर परीक्षण किया गया। इन दोनों के मूत्र के नमूने 12 जनवरी को मुंबई में लिए गए थे।*

### विदेशी क्रिकेटरों ने भी कराया डोप परीक्षण

इस दौरान कुछ विदेशी क्रिकेटरों का भी डोप परीक्षण किया गया। इनमें स्टार क्रिकेटर डेविड वीज, डेविड मिलर, कैमरून ग्रीन, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, डेविड वार्नर, राशिद खान, डेविड विली, ट्रेंट बोल्ट, मार्कस स्टोइनिस, मार्क वुड, एडम ज़म्पा, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन और जोफ्रा आर्चर शामिल हैं। सभी विदेशी क्रिकेटरों का परीक्षण अप्रैल में आईपीएल के दौरान किया गया। इनमें से अधिकतर के मूत्र के नमूने लिए गए लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने रक्त के नमूने भी दिए।

### अन्य खेलों से दिए नमूने

अन्य खेलों के जिन प्रमुख खिलाड़ियों का इन पांच महीनों में डोप परीक्षण किया गया उनमें ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत, पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट, हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह, पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली और त्रिभुवन आर्मी ने खेला 1-1 से ड्रा

**कोकराझार।** आई लीग की टीम दिल्ली एफसी ने गिरीश खोसला के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत बुधवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप ई मुकाबले में नेपाल के त्रिभुवन आर्मी एफसी से 1-1 से ड्रा खेला। नेपाल के क्लब के लिए दिनेश हेनजान ने 39वें मिनट में गोल किया जिससे टीम काफी देर तक 1-0 से बढ़त बनाए रही। दिल्ली एफसी को 88वें मिनट तक बराबरी गोल का इंतजार करना पड़ा जो खोसला ने किया। दिल्ली एफसी के दो मैचों में दो ड्रा हैं जिससे वह ग्रुप ई में शीर्ष पर बना हुआ है।

### भारत को आलराउंडर की जरूरत : हुसैन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को लगता है कि भारतीय टीम में एक अदद सीम गेंदबाज की कमी है जो टीम के विदेशी दौरों पर बल्लेबाजी भी कर सके। हुसैन ने



कहा कि ऐसा खिलाड़ी बेन स्टोक्स या कैमरन ग्रीन की तरह का हो सकता है जो टीम के विदेशी दौरों पर जीत दिलाने में अहम हो सकता है। भारत को हाल में आस्ट्रेलिया से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में हार झेलनी पड़ी जिससे टीम लगातार दो बार इस चैंपियनशिप के फाइनल में हार गई।

### विलियमसन के खेलने के लिए सकारात्मक

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अभी तक अपने स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन के भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर उम्मीद नहीं छोड़ी है जो चोट से उबर



रहे हैं। भले ही वह विश्व कप के पहले कुछ मैच नहीं खेल सकें लेकिन टीम को उनके फिट होकर वापसी की उम्मीद है। मुख्य कोच गैरी स्टीड और टीम प्रबंधन विलियमसन के उबरने को लेकर सकारात्मक हैं। स्टीड ने कहा कि भले ही वह विश्व कप के पहले कुछ मैचों में नहीं खेल पायें लेकिन टीम उन्हें शामिल करने पर विचार करेगी।

### टेबल टेनिस खिलाड़ी बत्रा का सामान मिला

**नई दिल्ली।** भारत की चोटी की टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का केएलएम एयरलाइंस में खोया सामान



मिल गया है और उनके पास पहुंच चुका है, उन्होंने शीघ्र कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके कार्यालय को धन्यवाद दिया। पेरू में एक टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद केएलएम एयरलाइंस की उड़ान में घर लौटते समय मनिका का खेल उपकरणों से भरा सामान खो गया था और उन्होंने इसे वापस पाने के लिए सरकार से मदद मांगी थी।

## एशियाई चैंपियंस ट्राफी : पॉइंट्स टेबल के टॉप पर भारतीय टीम, पाकिस्तान बाहर

# भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से रौंदा, हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया है। यह भारत की पाकिस्तान पर ओवरऑल 65वीं जीत है। पाकिस्तान ने भारत से 82 मुकाबले जीते हैं। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मिली इस जीत से भारतीय टीम ने पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन हासिल कर ली है। टीम लीग स्टेज में अजेय रही। टीम इंडिया ने 5 में से 4 मुकाबले जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला जापान से 11 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाएगा। बुधवार को हुए मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डबल गोल दागे। उन्होंने 23वें और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। एक-एक गोल जुगराज सिंह और आकाशदीप सिंह की स्टिक से आए। जुगराज ने मुकाबले के 36वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया, जबकि आकाशदीप सिंह ने 55वें मिनट में फील्ड गोल किया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने डबल गोल किए हैं। जुगराज और आकाशदीप सिंह की स्टिक से एक-एक गोल आए।



### पहले ही गोल में भारत का दबदबा, हरमन ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा

भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की, हालांकि शुरुआती मिनटों में टीम ने पेनल्टी गंवाई, लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने शानदार बचाव किया। फिर 8वें मिनट में रेफरी ने जुगराज सिंह को ग्रीन कार्ड दिखा दिया। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत को पेनल्टी मिला और पाकिस्तानी कप्तान उमर भुट्टा को ग्रीन कार्ड भी दिखाया गया। इस पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रेग फ्लिक के साथ गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने अग्रेसिव अप्रोच रखी। पाकिस्तान ने बॉल छीनने की लगातार कोशिश की। कॉर्नर का फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने फिर एक बार गोल दाग दिया 2-0 से लीड दिलाई।

### आखिर में आकाशदीप ने गोल दागकर भारत को जिताया

तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही कृष्ण पाठक ने एक गोल बचाया। गुरजंत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर बॉल जीती और 36वें मिनट में भारत की लीड को 3-0 से बढ़ा दिया। भारत ने 5 पेनल्टी कॉर्नर में 3 गोल दागे। चौथे क्वार्टर में भारत पूरी तरह गेम में दिखा। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में भारत के नीलकांता शर्मा ने गोल किया, लेकिन डिसअलाउड हो गया। आखिर में आकाशदीप सिंह ने गोल दाग कर 4-0 से भारत को मैच जिताया।

### चीन को हराकर जापान सेमी फाइनल में

**चेन्नई।** जापान बुधवार को यहां अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच में चीन को 2-1 से हराकर 2023 एशियाई चैंपियंस ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है। मैच के तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुए। जापान के लिए शोटा यामाडा ने आठवें मिनट में और केंटारो फाकुडा ने 54वें मिनट में गोल किए। चीन के लिए एकमात्र गोल 57वें मिनट में सुओझू आओ ने दागा। इस जीत की बदौलत जापान के पांच अंक हो गए हैं जो चौथे स्थान पर काबिज पाकिस्तान और गत चैंपियन दक्षिण कोरिया के बराबर हैं।

# वोजनियाकी की पहले दौर में आसान जीत



एजेंसी ▶▶| चमांट्रियल

डेनमार्क की कैरोलिन वोजनियाकी ने संन्यास से वापसी करने के बाद नेशनल बैंक ओपन के पहले दौर में किम्बरले बिरेल को सीधे सेट में पराजित किया।

वोजनियाकी ने आस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी अब उनकी भिड़ंत विंबलडन चैंपियन चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा से होगी जिन्होंने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-4, 6-2 से हराया। वोजनियाकी ने परिवार शुरु करने के लिए 2020 में संन्यास ले लिया था। दुनिया की पूर्व नंबर एक और 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ने नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश किया।

विक्टोरिया अजारेंका ने चोटिल होने के कारण हटने की घोषणा की जिससे अमेरिका की स्लोआने स्टीफंस अगले दौर में पहुंची। कनाडा की लेला फर्नांडिज ने अमेरिकी क्वालीफायर पेटन स्टर्नन्स पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की।

### विश्व कप में एक्स फेक्टर हो सकते हैं तिलक वर्मा

**नई दिल्ली।** शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने राष्ट्रीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन से अपील की है कि वे तिलक वर्मा जैसी प्रतिभा पर भरोसा करें। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विश्व कप की टीम में शामिल करें क्योंकि कई बल्लेबाजों के चोटों से उबरने के कारण वह मध्य क्रम में भारत की मुश्किलों को दूर कर सकते हैं। हैदराबाद के इस 20 साल के खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 39, 50 और नाबाद 49 रन की पारियों के दौरान प्रभावित किया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'विश्व कप को लेकर उसकी दावेदारी मजबूत है।

# वनडे : गिल पांचवें स्थान पर किशन ने लगाई लंबी छलांग




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल और ईशान किशन ने बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। देश में शुरु होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से दो महीने पहले गिल दो पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर काबिज हो गए और पाकिस्तान के दो खिलाड़ियों के करीब पहुंच गए।

पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर बरकरार हैं। गिल वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत 743 रेटिंग अंक पर पहुंच गए। वह तीसरे स्थान पर काबिज फखर जमां (755 रेटिंग अंक) और चौथे स्थान पर काबिज इमाम उल हक (745 रेटिंग अंक) के करीब हैं। किशन ने भी नौ पायदान की छलांग से 36वां स्थान हासिल किया जो उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं जबकि अनुभवी आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने 10 पायदान का सुधार किया जिससे वह बल्लेबाजी सूची में 71वें स्थान पर बने हुए हैं। ताजा सूची में कई भारतीय खिलाड़ियों ने ऊपर की ओर कदम बढ़ाए। पंड्या वनडे आल राउंडर सूची में पांच पायदान के लाभ से 11वें स्थान पर पहुंचे जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने वनडे गेंदबाजों की सूची में प्रभावित किया। कुलदीप वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में सात विकेट की बदौलत चार पायदान की उछाल से 10वें स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हुए जबकि ठाकुर आठ विकेट की मदद से तीन पायदान के सुधार से 30वें स्थान पर पहुंचे।

### तिलक ने टी20 में 46वें स्थान से किया प्रवेश

*टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण करने वाले भारत के तिलक वर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की बदौलत बल्लेबाजी सूची में 46वें स्थान से प्रवेश किया। उन्होंने पहले तीन टी20 में 39, 50, नाबाद 49 रन बनाये हैं। गेंदबाजी सूची में कुलदीप यादव (36 पायदान के फायदे से 51वें स्थान पर) भारत के लिए सबसे लंबी छलांग लगाने में कामयाब रहे हैं।*

### वनडे में मेरा प्रदर्शन खराब है : सूर्य

**प्रोविडेंस।** वनडे विश्व कप करीब ही है जिसे देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन ने विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को खेल के इस प्रारूप के अंतिम ओवरों में कम से कम 45-50 गेंद खेलने के लिए कहा है, हालांकि इसमें उनका रिकॉर्ड सामान्य है और उन्हें 'इसे स्वीकार करने में कोई शर्म की बात भी नहीं' लगती है। वेस्टइंडीज पर तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 गेंद में 83 रन की आक्रामक पारी की बदौलत भारत को सात विकेट से जीत दिलाने के बाद इस बल्लेबाज ने 50 ओवर के खेल में अपने खराब रिकॉर्ड को स्वीकार किया।

# मरे नेशनल बैंक ओपन में जीते

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

ब्रिटेन के तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने नेशलन बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इटली के लोरेंजो सोनेगो को दो सेट में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मरे ने यहां 2009, 2010 और 2015 में ट्राफी जीती थीं और अब उनकी कोशिश यहां चौथा खिताब अपने नाम करने की है।



उन्होंने 90 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-0 से जीत हासिल की। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल से होगा जिन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 6-4 से पराजित किया। कनाडा के गैब्रियल डियालो ने ब्रिटेन के डैन इवांस को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी टूर लेवल का अपना पहला मैच जीता। अब उनका सामना दूसरे दौर में आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर से होगा।

### फंड की कमी से ट्रेनिंग रुकी घुड़सवारों ने मांगी मदद

**नई दिल्ली।** आगामी एशियाई खेलों की तैयारी में जुटे इवेंटिग स्पर्धा के घुड़सवारों को करारा झटका लगा है क्योंकि फंड की कमी के कारण भारतीय सेना के मेजर अपूर्वा दाभादे और दफादार विकास कुमार की ट्रेनिंग रूक गयी है जिन्होंने खेल मंत्रालय और राष्ट्रीय महासंघ से तुरंत हस्तक्षेप के लिए संपर्क किया है। मेजर अपूर्वा और दफादार कुमार राष्ट्रीय कोच रोडोल्फे शेरर के मार्गदर्शन में 15 जून से फ्रांस में ट्रेनिंग कर रहे थे ताकि जरूरी एफईआई 'न्यूनतम पात्रता' हासिल की जा सके। लेकिन कोच शेरर को भारतीय घुड़सवारी महासंघ से भुगतान बंद हो गया है जिससे उन्होंने इन दो संभावित घुड़सवारों की ट्रेनिंग भी बंद कर दी।

## दो फाइनल के अलावा तीन क्वार्टर और एक अंतिम-4 में बनाई थी जगह

# अभी ओलंपिक नहीं, शीर्ष 3 में जगह बनाना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय भले ही ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ में आगे चल रहे हों लेकिन वह अभी पेरिस के बारे में नहीं सोचना चाहते और इसकी जगह उनका ध्यान विश्व में शीर्ष तीन खिलाड़ियों में जगह बनाने जैसे लघुकालीन लक्ष्यों पर है।

पिछले 12 महीने में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले प्रणय की विश्व रैंकिंग अभी नौ है। उन्होंने मई में मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता जबकि पिछले हफ्ते सिडनी में ऑस्ट्रेलिया ओपन में भी खिताब जीतने के करीब पहुंचे लेकिन अंततः उन्हें उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। प्रणय ने कहा, 'अभी संभवतः मैं अच्छी स्थिति में हूं। मई के बाद मेरे लिए कुछ



टूर्नामेंट अच्छे रहे लेकिन मैं कहूंगा कि मैं कभी संतुष्ट नहीं होता और मैं हमेशा कोर्ट पर उतरकर बड़े टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं, यह हमेशा से मेरा इरादा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मैं लगातार क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में खेलने के सफल रहा हूं और अब मैं प्रयास कर रहा हूं कि मैं एक और दौर आगे जाऊं और फाइनल में जगह बनाऊं तथा टूर्नामेंट में जीत दर्ज करूं।' मौजूदा सत्र में दो फाइनल के अलावा तीन क्वार्टर फाइनल और एक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले 31 साल के प्रणय 2017 में विश्व में आठवीं रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद स्वास्थ्य कारणों से उनकी रैंकिंग 2021 में 33 हो गई। तिरूवनंतपुरम के प्रणय ने हालांकि पिछले साल दिसंबर में शीर्ष 10 में वापसी की और फिर इस साल मई में करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग हासिल की।

### विश्व चैंपियनशिप और चीन ओपन पर नजर

प्रणय ने कहा, 'आने वाले महीनों में शीर्ष पांच में आना या दुनिया में शीर्ष तीन में आना चुनौती होगी। मैं अब तक यह कभी नहीं कर पाया। मुझे लगता है कि अभी तक यही लक्ष्य है। मैं काफी आगे के बारे में नहीं सोच रहा, ओलंपिक के बारे में। अब लक्ष्य बहुत छोटे हैं, हम अगले सप्ताह कैसा प्रदर्शन कर सकते हैं या कहें कि विश्व चैंपियनशिप या चीन ओपन, यही एकमात्र लक्ष्य है और बाकी चीजें अपने आप हो जाएंगी।' प्रणय अब डेनमार्क में विश्व चैंपियनशिप (21-27 अगस्त) में हिस्सा लेंगे जबकि इसके बाद चीन ओपन सुपर 1000 (पांच से 10 सितंबर) और हांगझोउ में एशियाई खेल होंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

चौमूं विधानसभा के पश्चिमी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं...

## यातायात, रेलवे अंडरपास व पेयजल के समाधान हेतु प्रोफेसर सी.बी. यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर सी.बी.यादव ने चौमूं विधानसभा के पश्चिमी ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए समाधान हेतु मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रोफेसर सी.बी.यादव ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनर तले गांव-गांव में "सर्वोदय संवाद" का आयोजन कर रहे थे। जिसमें लोगों से स्थानीय समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई। इसी दौरान चौमूं विधानसभा के पश्चिमी क्षेत्र किशनमानपुरा, भूतेड़ा, नांगल गोविंद,गुडलिया, छोटा गुड्डा ग्राम पंचायत में इस क्षेत्र की कुछ स्थानीय समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। इसी क्रम में प्रोफेसर सी.बी.यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि चौमूं विधानसभा के ये पश्चिमी क्षेत्र यातायात के साधनों से पूरी तरह कटे हुए हैं। जिसके कारण यहां के विद्यार्थी ना तो उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं तथा न ही रोजगार के लिए बाहर जा पाते हैं। इसके लिए पत्र में तत्काल प्रभाव से सरकारी रोडवेज को चलाने की मांग की गई है। पत्र में इस क्षेत्र के रेलवे अंडरपास की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया है। जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन नहीं हो पता है। इसके कारण इस क्षेत्र में पशुचारे की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में इन अंडरपास में पानी भरने के कारण आवागमन पूर्ण रुप से बंद हो जाते है। पत्र में पूर्व में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त पत्र में किशन मानपुरा में सामुदायिक भवन एवं इस क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए जल जीवन मिशन से इन ग्राम पंचायतों को जोड़ने की मांग की गई है। चौमूं विधानसभा में पानी की समस्या की दीर्घकालिक समाधान हेतु यमुना नदी के पानी को लाने की परियोजना पर भी गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया गया है। प्रोफेसर यादव ने बताया है कि इन समस्याओं को लेकर शीघ्र ही वे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उक्त समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे।



**रेलवे अंडरपास एवं यातायात के साधनों की गंभीर समस्या से ग्रसित है चौमूं विधानसभा का पश्चिमी क्षेत्र**

## सीएलसी प्री फाउंडेशन विंग में मेडल एवं मोटिवेशन सेरेमनी का आयोजन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी प्री फाउंडेशन विंग में बुधवार को मेडल एवं मोटिवेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि टेस्ट में श्रेष्ठ रैंक लाने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्रों को टेस्ट में परफॉर्मेंस के अनुसार प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में बेहतर भविष्य के लिए जल्दी शुरूआत करनी होती है क्योंकि जो जितना जल्दी शुरूआत करता है वह अपनी मंजिल की उतना ही करीब होता है और आपने प्री फाउंडेशन में प्रवेश लेकर समय की जरूरत के अनुसार एक अच्छा निर्णय लिया है। चौधरी ने कहा कि अनुशासित रहते हुए निरंतर कड़ी मेहनत से हर हाल में अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, क्योंकि सफलता का कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरा शॉर्टकट नहीं होता है। सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने बताया कि सीएलसी में सांयकालीन प्री फाउंडेशन क्लासेज संचालित की जा रही है जिनमे किसी भी स्कूल का और किसी भी एजुकेशन बोर्ड का छात्र प्रवेश लेकर सीएलसी प्री फाउंडेशन की क्वालिटी एजुकेशन का फायदा उठा सकता है। मेडल सेरेमनी के दौरान सीएलसी एकेडमिक हेड अंकित जांगिड़, प्री फाउंडेशन इंचार्ज नीलेश पिलानिया तथा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### बिजली की समस्या दूर करने वाली फर्म का प्रदर्शन

## 14 वर्षों से कार्य कर रहे वर्कर को हटाया अब मात्र दो कर्मचारी संभाल रहे हैं काम

**जोधपुर।** शहर में विद्युत सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने के लिए संचालित फर्म ने डिस्कॉम अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। फर्म के कर्मचारियों का कहना है कि वह 14 वर्ष तक काम करने के बाद अचानक बेरोजगार कर दिया गया। वहीं फर्म पर लगी गाड़ियों का 16 लाख रेंट भी बकाया है। जहां 17 कर्मचारी वर्क कर रहे थे वहां अब 2 वर्कर है। ऐसे में शहर की बिजली समस्या दूर करने में परेशानी के साथ ही वर्किंग कर्मचारियों पर एक्स्ट्रा काम का दबाव भी पड़ रहा है।बिजली की शिकायत आने पर उसे दूर करने वाली संस्था सन्धा एंड कंपनी को राजस्थान बिजली ठेका कर्मचारी संघ सम्बन्ध भारतीय मजदूर संघ के आवाहन पर जोधपुर शहर के अधीन कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने बार-बार लेटर लिखने के बाद भी मामला संज्ञान में नहीं लिया। साथ ही सामूहिक अवकाश के दौरान फर्म में लगे निजी वाहन जो की बिजली समस्या को दूर करने में लगाए गए रेंटल वाहन लगाए गए थे उनका किराया भी नहीं दिया गया। चार महीने से 16 लाख राशि बकाया है वह नहीं दी जा रही ।



राजस्थान विद्युत ठेका कर्मचारी संघ के जोधपुर कार्यकारिणी के अध्यक्ष चंदनसिंह भाटी व महामंत्री दिनेश सियाग ने बताया कि फर्म में लगे कर्मचारियों के स्थान पर अन्य जिलों से बुला कर कर्मचारी लगवा दिए यह गलत है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में मात्र 2 कर्मी काम कर रहे है जहां पहले 17 कर्मचारी का कार्य कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि इस विभाग की तानाशाही विद्युत हादसे को निमंत्रण दे रही है। जो 12-14 साल से नियमित सेवा दें रहें उनको सेवा से बाहर करके बेरोजगारी की धकेल दिया। इतने वर्षों से सेवा देने के बाद ये कर्मी अन्य कार्य भी नहीं कर सकते तथा दो माह से कर्मचारियों को मासिक वेतन भी नहीं किया गया। जीएसएस संचालन के लिए डींग मैन पावर एण्ड सिक्योरिटी फर्म जो की अगस्त माह से पहले संचालित थी, जिनकी सेवा विभाग द्वारा समाप्त कर दी गई। जिसकी जानकारी किसी कर्मचारी को नहीं दी। जिसके चलते ठेका कर्मचारियों में भारी रोष हैं इस कारण से 6 अगस्त से धरना जारी है।

### सामूहिक हनुमान चालीसा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# गूँजा जय हनुमान : किज्यों केसरी के लाल मेरा छोटा सा एक काम...

**जय हनुमान ज्ञान गुण सागर की एक स्वर लहरी निकले स्वर**



**सर्व हिन्दू समाज की ओर से रामनगर सोडाला में हुआ आयोजन**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सर्व हिन्दू समाज की ओर से रामनगर सोडाला स्थित चमत्कारेश्वर हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। जय हनुमान और जय श्री राम जयघोष के बीच भक्तिमय माहौल में हनुमान चालीसा की चौपाइयां का जाप करते श्रद्धालु और भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा करते संत महंत राजधानी में मंगलवार को आयोजित हनुमान चालीसा एवं महाआरती के साथ ही हनुमान जी के मनमोहक झांकियां के ऐसा ही नजारा देखने को मिला। इस दौरान भगतो ने हनुमान जी से सद्बुद्धि देने और संकट हरने की प्रार्थना की। कार्यक्रम के समिति आयोजनकर्ता सौरभ कटारिया ने बताया कार्यक्रम मंदिर पुजारी राधामोहन कौशिक व अवधेश दास महाराज के सानिध्य में हुआ। इधर कार्यक्रम में शाम होते ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया था। जिसमे समस्त संजीव शर्मा, मनीष पूरी, सुमित शर्मा, देवेन्द्र सैनी, संजय सैनी, निखिल अजमेरा, ऋषभ शर्मा, देवराज इंद्र, अमित खींची, बिट्टू सिंह, मोहन गुर्जर, मानस, गजेंद्र आदि कई उपस्थित रहे।

## आदेश हवा : पचार में निजी स्कूलों ने उड़ाई सरकारी आदेशों की 'धज्जियां'

### छुट्टी के दिन भी छात्र-छात्राओं को स्कूल आने पर किया मजबूर





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर/विनोद धायल।** विश्व आदिवासी दिवस पर सरकारी आदेश के माध्यम से शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में शैक्षणिक कार्य बंद रखा। लेकिन क्षेत्र की निजी स्कूलों ने इस सरकारी आदेशों को नहीं माना। कक्षा 1 से 12 तक संचालित होने वाली प्राइवेट स्कूलों ने छात्र-छात्राओं को स्कूल आने पर मजबूर किया गया। अक्सर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर निजी स्कूलें छुट्टियों के आदेश के बावजूद भी छात्र छात्राओं को स्कूल बुलाने पर मजबूर करती है। पचार गांव स्थित एक निजी स्कूल में विद्यार्थी सुबह 8:00 बजे से ही स्कूल आना शुरू हो गए। जब स्कूल के निदेशक से छुट्टी होने की बात कही तो उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कही। आज विश्व आदिवासी दिवस पर राजस्थान सरकार ने प्रदेश की सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में शिक्षण कार्य बंद रखने का आदेश पारित किया था लेकिन कई प्राइवेट स्कूलों ने सरकार के आदेश की पालना नहीं की।

**किसने क्या कहा...**

निजी स्कूल अक्सर सरकारी आदेशों को कई बार नहीं मानती है। छुट्टी के दिन प्राइवेट स्कूल वालों को भी शिक्षण कार्य बंद रखना चाहिए।
**- सत्यप्रकाश त्रिपाठी**
**प्रधानाचार्य**

जो निजी स्कूलें सरकारी आदेशों को नहीं मानती है सूचना मिलने पर कार्रवाई करेंगे।
*- जिला शिक्षा अधिकारी*

क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा छुट्टी के दिन भी शिक्षण कार्य की संचालित करने पर कार्रवाई का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के पास है।
**- हेमाराम बलाई**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**

## चैन स्नैचिंग करने वाले बदमाश को पकड़ा: पिछले 5 दिन में 7 से ज्यादा वारदात

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** जोधपुर शहर की पॉश कॉलोनी या इन दिनों झपट्टा मार गिरोह के निशाने पर है। पिछले 5 दिन में सात वारदातें कर बदमाशो ने महिलाओं को टारगेट किया है। पुलिस ने ऐसे ही एक झपट्टा मार शातिर को पकड़ा है जिसने 15 वारदातें करना कबूल किया है। लेकिन इसके बावजूद वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही।



### मोबाइल, पर्स और चेन निशाने पर

इन झपट्टा मार बदमाशों के निशाने पर पैदल या दुपहिया वाहन पर जा रही महिलाएं निशाने पर रहती है। इनसे मोबाइल पर्स और गले में पहनी चैन को झपट्टा मार कर छीन लेते हैं। जोधपुर शहर के सरदारपुरा, शास्त्री नगर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, बासनी और कुड़ी भगतासनी जैसे एरिया में यह वारदात हो रही है।

# पर्यावरण जन चेतना यात्रा बीकानेर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अमृता देवी पर्यावरण नागरिक संस्थान अपना संस्थान एवम्पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा निकाली जाने वाली पर्यावरण जन चेतना यात्रा के लिए पर्यावरण रथ तैयार कर इसका विधिवत शुभारंभ दिनांक 12 अगस्त 2023 को सायं 5.30 बजे जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीकानेर से होगा। इस निमित्त आज सायं 4 बजे शकुंतला भवन, रानी बाजार, में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को श्रीमान टेकचंद जी बरडिया विभाग संघचालक व श्री कुंजीलाल स्वामी ने संबोधित किया । 13 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक पर्यावरण विषय पर समाज मे जन जागरण हेतु सम्पूर्ण जोधपुर प्रांत में पर्यावरण जन चेतना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा पॉलीथिन मुक्त तथा सम्पूर्ण पर्यावरणीय अनुकूल यात्रा होगी इसी क्रम में यह यात्रा बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्र के सभी गांवों एवम शहरी क्षेत्र सभी बस्तियों में जायेगी। प्रत्येक गांव में पौधरोपण का लक्ष्य लिया गया है। जिसके लिए स्थान चिह्नित कर दिए गए है। पूरे बीकानेर में कुल 1 लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिसके संरक्षण के लिए स्थानीय व्यक्तियों को उत्तरदायित्व दिया जाएगा। पौधे का व संरक्षक का विवरण संकलन किया जाएगा। प्रत्येक गांव व बस्ती में पर्यावरण सभाएँ होंगी। सभाओं में स्थानीय जन समूह के समक्ष किसी सन्त, समाज के प्रबुद्ध व्यक्तित्व आदि वक्ताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर उद्बोधन दिया जाएगा। एक दिन में तीन से चार स्थानों पर विश्रांति की जाएगी। प्रत्येक स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। संध्या समय कार्यक्रम में पर्यावरण से सम्बंधित लघु फिल्म दर्शन, स्थानीय लोकगीतों तथा भजनों के माध्यम से समाज का सहभाग लिया जाएगा। धार्मिक संस्थानों यथा आश्रम, गोशाला, मठ, मंदिर आदि को प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए यात्रा में उनकी सहभागिता भी निश्चित की जाएगी। भारत के भविष्य के मन मे प्रकृति प्रेम का अंकुरण हो और अगली पीढ़ी पर्यावरण मित्र बने इसलिए शिक्षण संस्थाओं की सहभागिता निश्चित की जाएगी। समाज की मातृशक्ति को एकत्र कर जान जागरण किया जाएगा ताकि हर घर हरित घर बने।



## परिष्कार कॉलेज में हुआ 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

***द्रव्यवती नदी के किनारे लगाए गए 75 पौधे, इनके पोषण और रक्षा का संकल्प भी लिया***





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर। (विनोद धायल)**केन्द्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के निर्देश पर देशभर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के तहत संस्थाओं की ओर से अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के तहत जयपुर के मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस की ओर से बुधवार 9 अगस्त पौधरोपण किया गया। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से अमानीशाह बस्ती में द्रव्यवती नदी के किनारे पर अमृत वाटिका में 'एक पेड़ देश के नाम' थीम पर 75 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही इन पौधों का पोषण और रक्षा करने का संकल्प भी लिया गया। केन्द्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के निर्देश के बाद राज्य सरकार के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से सभी सरकारी और निजी महाविधायकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने कहा कि हमें अपने देश के वीर शहीदों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्हीं के बलिदान के चलते आज हम सब आजाद देश की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के पांच प्रण लिये गये।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल, उप प्राचार्य डॉ. वी. पी. शर्मा, डॉ. पी. एल. शर्मा, चीफ प्रोक्टर अनिल गोदारा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिराज शर्मा, डॉ. शिल्पा चौधरी, स्वयंसेवक, विद्यार्थी एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे ।

## भागवत कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर,(बिन्टू कुमार)।** कस्बे के पुरुषोत्तमदास आश्रम में 2 अगस्त से महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज के सानिध्य में चल संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पूणार्हुति के साथ संपन्न हुई। भागवत कथा गोपालगढ़ त्रिवेणी धाम की सुनीता बहन द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा था। भागवत कथा संपन्न होने पर बुधवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे कस्बे सहित आसपास के श्रद्धालुओं ने धोक देकर पंगत-प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com